2025
रतलाम एवं इन्दौर से प्रकाशित म.प्र. का गौरव
डाक पंजीयन नं. RTM/DN/MP 197/23-25
सांध्य दैनिक
# सिंघम टाईम्स
हर पहर की खबर
प्रधान संपादक : गोविन्द उपाध्याय
नव वर्ष नव उमंग जीवन का नव प्रवाह
पढ़े पेज 6 पर
singhamtimes@gmail.com | वर्ष : 13, अंक : 169 | रतलाम, बुधवार 1 जनवरी 2025 | मूल्य : 2 रुपए | singhamtimes.com

SRP PUMPS & PIPES
पम्पस प्राइवेट लिमिटेड
अधिकृत विक्रेता
Submersible pumpsPvc Pipes CablesPipe fittingsAir coolerWater tanksStarters and sparesWinding wire
SRP PUMPS PRIVATE LIMITED
135, STATION ROAD, RATLAM
MOB : 8989186685PP, 9752232121

## लाखो श्रद्धालुओं ने महाकाल के दर्शन किए

### मैहर-बगलामुखी, ओंकारेश्वर और खजराना-चिंतामन गणेश मंदिर में भी भक्तों की भीड़

**सिंघम रिपोर्टर ❑ उज्जैन/भोपाल**

मध्यप्रदेश में 2025 का वेलकम ग्रैंड सेलिब्रेशन से हुआ। 31द्यह्ल की देर रात तक लोग जश्न में डूबे रहे। साल के पहले दिन यानी आज भी ऐसा ही माहौल है। पचमढ़ी में सुबह योग हुआ। उज्जैन महाकाल मंदिर में रात 3 बजे से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। कतार बढ़ती जा रही है। सीएम डॉ. मोहन यादव पचमढ़ी में नया साल सेलिब्रेट कर रहे हैं। वे यहां मंगलवार को ही पहुंच गए थे।

अबतक करीब 1 लाख श्रद्धालु महाकाल के दर्शन कर चुके हैं। नए साल में उज्जैन में 8 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंगलवार को ही यहां पहुंच चुके थे। सुबह भस्म आरती में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए भस्म आरती के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग 26 दिसंबर से 2 जनवरी तक बंद कर दी गई है।



**छिंदवाड़ा : पातालेश्वर धाम मंदिर में विशेष पूजन**

छिंदवाड़ा के पातालेश्वर धाम मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर नए साल के पहले दिन की शुरुआत की। मंदिर में भगवान का भोलेनाथ का अभिषेक हुआ और विशेष पूजन किया गया।

**आगर मालवा : बगलामुखी मंदिर में भक्तों की भीड़**

आगर मालवा जिले में नए वर्ष के पहले दिन प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में भक्तों का तांता लगा है। ठंड और कोहरे के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं।

पीढ़ी दर पीढ़ी- वहीं स्वाद-वहीं विश्वास
सुप्रसिद्ध
लादूराम के नमकीन एवं स्वीट्स
फोन : 07412 244413
रतलामी नमकीन निर्माता एवं निर्देशक
त्रिपोलिया रोड़, चांदनीचौक, रतलाम

## थर्टी फर्स्ट सभी ने घर में बनाई, पुलिस ने की सख्ती





**सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम**

थर्डी फस्ट में किसी भी प्रकार का विवाद और हंगामा न हो इसके चलते पुलिस ने सख्ती की। जिससे यह फायदा हुआ कि सभी ने अपने घर में परिवार के साथ बैठकर नये साल का आगमन किया। हर साल इस दिन शराब के नशे में कई युवा घूमते है और जरा सी बात को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित होती थी।

थर्डी फस्ट की नाइट में सड़को पर घूमते हुए हंगामा करने वाले युवाओं पर नकेल कसने के लिए इस मर्तबा पुलिस ने दो-तीन पहले ही सभी को चेता दिया था कि बिना काम से रात 11 बजे बाद कोई भी सड़क पर नजर नहीं आएगा। बिना काम के घूमते हुए पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी भी दी थी। शहर के हर चौराहे पर पुलिस बल लगाय गया था और सीएसपी सत्येंद्र घंघोरिया सहित शहर के सभी थाना प्रभारी बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग की। जो भी अनावश्यक कार्य से घूमते हुए पाया गया तो उन्हें समझाइश दी गई और जो शराब के नशे में, शाराब के साथ व धारदार हथियार के साथ पकडाए उन पर कानूनी कार्यवाही की।

**रात 11 बजे सभी दुकानें हो गई थी बंद**

पुलिस के निर्देश पर शहर में देर रात तक खान-पानी की दुकान संचालित करने वाले दुकान संचालकों ने दुकाने बंद कर दी थी। कुछ दुकान फिर भी खुली हुई थी जिसे पेट्रोलिंग टीम ने बंद करवाई। शहर में देर रात तक फास्ट फ्रूड, गर्म दूध, जलेबी, गराडू, चाय सहित अन्य खान-पान की दुकान खुली रहती है। थर्डी फस्ट पर सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने सभी दुकानें बंद करवाई। साथ ही सड़कों पर घूमने वाले सभी युवाओं को घर में दाखिल करवा दिया। इससे कई फायदे हुए है, रात भर युवा नहीं भटके सभी अपने परिवार के साथ घर के अंदर रहे। कहीं भी विवाद और दुर्घटना जैसी सूचना नहीं आई। रात 12 बजते ही कई युवाओं ने मकानों की छतों से आतिशबाजी कर नये वर्ष का स्वागत किया। वहीं पुलिस ने जो सख्ती की उसकी सभी ने तारीफ की है।

## नए साल का जश्न की पार्टी में झूमे इंदौरी : रात 12 बजे हुई खजराना गणेश की आरती



**सिंघम रिपोर्टर ❑ इंदौर**

इंदौर में 31 दिसंबर की रात नए साल का जश्न मना। होटलों-रेस्टोरेंट्स, फार्म हाउस, पबों में 31द्यह्ल की पार्टियां हुईं। बड़ी संख्या में इंदौरी इन पार्टियों में पहुंचे और नए साल का जश्न मनाया। डीजे के गानों पर इंदौरी जमकर थिरके। दूसरी तरफ, अलग-अलग मंदिरों में लोगों ने भगवान के दर्शन किए। खजराना गणेश मंदिर में रात 12 बजे भगवान गणेश की आरती की गई। रात 10 बजे से आमजन के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। मंदिर के पुजारियों और कर्मचारियों ने भगवान गणेश की आरती की। सुबह 4 बजे ब्रह्म मुहूर्त में खजराना गणेश के पट आमजनता के लिए खोल दिए जाएंगे।

**परिवार और दोस्तों के साथ पहुंचे लोग :** इंदौर में कई होटलों, रेस्टोरेंट्स, फार्म हाउस में लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ पहुंचे। यहां उन्होंने नए साल का जश्न मनाया। डीजे और लाइव म्यूजिक का लुत्फ उठाया। इन आयोजन में परिवार के साथ बच्चों के साथ बुजुर्ग भी थे।

**चौराहों पर तैनात रही पुलिस :** शहर के प्रमुख चौराहों पर रात में पुलिस तैनात रही। पुलिस ने रास्तों पर बैरिकेडिंग कर चेकिंग भी की।

।। श्री गणेशाय नमः ।।
सेठश्री ज्वेलर्स
एक रिश्ता विश्वास का
बिछिया, पायल की अनेक वैरायटी उपलब्धभगवान के पात्र मिलने का एकमात्र स्थान
नोट- राजपूतानी ज्वेलरी ऑर्डर पर बनाई जाती है।
इंदर प्यारेलाल सोनी
(सोना-चांदी के आभूषणों के निर्माता-विक्रेता)
28, धनजीबाई का नोहरा, चांदनी चौक
रतलाम, मो. 9479425126, 9301209432

## RSS मुखपत्र में लिखा-स्वार्थ के लिए मंदिर का प्रचार गलत : इसे राजनीति का हथियार न बनाएं; भागवत ने कहा था- मंदिर-मस्जिद विवाद सही नहीं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के मुखपत्र पांचजन्य ने मंदिर-मस्जिद विवाद पर ऋस्स प्रमुख मोहन भागवत के बयान का समर्थन किया है। पांचजन्य ने संपादकीय में लिखा कि कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए मंदिरों का प्रचार कर रहे हैं और खुद को हिंदू विचारक के रूप में पेश कर रहे हैं। पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर ने संपादकीय मंदिरों पर यह कैसा दंगल में लिखा- मंदिरों का राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल स्वीकार्य नहीं है। इसे राजनीति का हथियार नहीं बनाना चाहिए। भागवत का बयान गहरी दृष्टि और सामाजिक विवेक का आह्वान है।



परिचय सम्मेलन में पधारे हुए सभी क्षत्रिय एवं क्षत्राणियों का हार्दिक अभिनन्दन..
आपकी संतुष्टी हमारा प्रयास
Prabhat Events
प्रभात इवेन्ट्स
शाही बाजोट | वुडन फ्लोर
बलरामसिंह डोडिया
9425129216
9893833831
7, शूभम रेसीडेन्सी, रतलाम (म.प्र.) मो. 9589427222

## नए साल के पहले दिन भोपाल-उज्जैन में घना कोहरा


**भोपाल ● एजेंसी**




नए साल के पहले दिन भोपाल और उज्जैन में घना कोहरा छाया है। भोपाल में विजिबिलिटी 100 मीटर है। नवंबर-दिसंबर में रिकॉर्ड तोड़ने वाली ठंड जनवरी में भी जमकर असर दिखाएगी। मौसम विभाग की माने तो जनवरी में 20 से 22 दिन तक शीतलहर चल सकती है।

हीं, उत्तरी हिस्से यानी, ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के जिलों में कोल्ड-डे की स्थिति बनेगी। शुरुआती 3 दिन प्रदेश के आधे हिस्से में कोहरा रहेगा। कुछ जिलों में शीतलहर भी चलेगी। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की एक्टिविटी के चलते दिसंबर के आखिरी दिनों में बारिश और ओले का दौर रहा। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन समेत 45 से अधिक जिलों में बारिश हुई। वहीं, 20 जिले ऐसे रहे, जहां ओले भी गिरे। बारिश का दौर खत्म होते ही ठंड का असर बढ़ गया। ऐसा मौसम जनवरी में पूरे महीने ही बना रहेगा। इससे पहले साल 2024 की आखिरी रात भी ठंडी रही।

## न्यू ईयर जश्न में नाबालिगों की अश्लीलता : डोपा माइन पब में नियम तोड़े, वायरल वीडियो से मचा हंगामा



**इंदौर।** इंदौर में खजराना इलाके के रिंग रोड स्थित डोपा माइन पब में न्यू ईयर पार्टी के दौरान नाबालिग लड़के-लड़कियां शामिल हुए। पार्टी में देर रात तक शराब और डांस के बीच अश्लीलता का माहौल देखने को मिला। नशे में झूमते युवाओं के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए।

कमिश्नर संतोष सिंह ने सभी पब और होटलों को तय समय पर बंद करवाने और नशाखोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद, पब में नियमों की अनदेखी हुई और प्रशासन पार्टी में सख्ती से कार्रवाई करने में असफल रहा। पब के अंदर अश्लील डांस और नाबालिगों की मौजूदगी के वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। पब खजराना थाना क्षेत्र में आता है, जहां सख्ती के निर्देश होने के बावजूद इस तरह की घटनाएं सामने आईं।

एंगल्स, पत्ती, टीएमटी सरिया, गार्डर, चैनल, लोहे के पाइप्स, सीमेंट, नालीदार चद्दर एवं शीट्स के व्यापारी एवं विक्रेता
प्रो. राहुल चौरड़िया
8, पॉवर हाउस रोड, रतलाम, फोन : 235238, 403430
TATA STEEL
TATA WIRON
WIRON AAYUSH
Tashiel-1000
अधिकृत विक्रेता
P चौरड़िया & कंपनी
रतलाम मो. 9425195722
1800 345 8282
Wiron.marketing@tatasteel.com

रतलाम | इंदौर
फैशन घर
सब कुछ वही जगह नई...
"राजपूतानी पोशाखों का एकमात्र शोरूम"
पधारो बाईसा
चांदी के वर्क की पोशाकों का ऑर्डर लिया जाता है
राजपुतानी पोषाखें | हंटिंग कोट एवं ब्रिजिस
वैवाहिक साड़ियां | शूटिंग शर्टिंग एवं साफे
डिजाइनर लहंगा-चुन्नी | राजपूतानी ड्रेस मटेरियल
पता : 52, धनजीबाई का नोहरा (अग्रवाल धर्मशाला के पास), रतलाम
07412-355406 | 89895-26833
पता : 71, श्रीनगर मेन रोड, आनंद बाजार के पास, इंदौर
94253-29833 | 97550-88191

## सिंघम लेटेस्ट

# हम जैन लोग आगे क्यों नहीं आते है ? कौन हमे रोकता है। आपस में ही एक दुसरे को नीचा दिखाने कि प्रवृत्ति-हार्दिक हुंडिया

**जावरा।** मन में ईर्ष्या, जलन जब तक है तब तक ना कोई आगे बढ़ पाएगा ? ना कोई नाम कमा पायेगा ? जरा सोचो , हम जैन सुबह सुबह दर्शन , सेवा , पूजा , प्रवचन , सामइक, शाम को प्रतिक्रमण , करने के बाद भी हमारा मन कपटी क्यों रहता है ? क्या शिखा हमने संतों के प्रवचनों से ? क्या शिखा सामायिक करके ? क्यों कोई असर व्याख्यान की नहीं होती हमारे मन मे ? हमारे आचरण में ?



उक्त विचार आल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी विचार हार्दिक हुंडिया ने व्यक्त किए। उक्त जानकारी देते हुए आल इंडिया जैन कांन्फ्रेंस दिल्ली के वरिष्ठ मार्गदर्शक सुजानमल कोचट्टा ने बताया कि श्री हुंडिया का कहना है की हमे पता है बड़ी मुश्किल से हमे मनुष्य भव मिला , उत्कृष्ट धर्म , उत्कृष्ट कुल मिलने के बाद भी हम जो ईर्ष्या , जलन कर रहे है ? सब कुछ उत्कृष्ट मिलने के बाद भी ? हमारे समाज का एक इन्शान राज नीति में आगे जाता है , वो काबिल है , सक्षम है लेकिन समाज का साथ , सहकार क्यों नहीं है ? समाज सोचता है की ये जो बात बोलता है वो सच्चा बोल देता है ? लेकिन जो झूठे काम करने वाले लोग है वो ये सोचते है की ये आगे नहीं जाना चाहिये, जो और सच्चे लोग है वो इन के स्पोर्ट में आगे नहीं आते है ? कोई पढ़ाई में आगे जाता है , वो बहुत ही होशियार है लेकिन उसके पास पैसे नहीं है , तब उनको मदद करने वाले लोग कितने ? पैसे वाले वो लोग जिनका नाम समाज में ख़राब है वो अब धर्म का , समाज सेवा का नाटक करते है और समाज में वापस नाम बनाने की कोशिश करते है ? ऐसे लोग वही पैसा खर्चेंगे या लिखायेंगे जहां उनका नाम होता हो ? क्युकी उनको पता है की , उन्होंने किये हुये पाप के कामो की निंदा की जगह उनकी तारीफ़ हो ? हार्दिक हुंडिया का कहना है की जब तक हमारे में एकता नहीं आयेगी और ईर्ष्या जलन वृत्ति नहीं जायेगी तब तक कोई आगे नहीं बढ़ पायेगा ? यदि आप समाज में या राजकीय जगत में नेता बनना चाहते हो तो पहले नम्र बनो , ईर्ष्या , जलन , कपट मत रखो , तो ही आगे बढ़ पाओगे? और जो इंशान नेता बनने निकला है , समाज में खुद अपना नाम पैसे के जोरो से बनाना चाहते है , लेकिन दूसरे का सहारा लेकर सिर्फ़ खुद का नाम बनाना चाहता है ? तो ऐसे लोगो से दूर रहो । क्यों की उसका कपट , आप को भी नुकशान करेगा , ना आप ऊपर आओगे ना वो आपको ऊपर आने देगा ?

श्री कोचट्टा ने बताया कि हार्दिक हुंडिया का कहना है की यदि आप को लगता है की आप को राज नीति में , समाज में आगे आना है तो भाषा बहुत ही प्रेम भरी रखो , सच कहना सीखो , सत्य का साथ दो , जैसे ही मालूम पड़े की आप के नजदीक कोई कपटी आदमी आने की कोशिश कर रहा है तो उनको दूर करो , वरना आप को वो बहुत नुकशान करेगा ।

श्री कोचट्टा ने बताया कि हार्दिक हुंडिया ने एकता का अनमोल उदाहरण देते हुए बताया कि आज हमारा ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोशियेशन का ।

मध्य प्रदेश राज्य के अध्यक्ष डॉ प्रदीप बाफना ने उनके नेतृत्व में आज 450 आसपास जैन जर्नलिस्टों को जोड़ दिया ! जहाँ दो पंडित मिल के एक साथ बात नहीं करते वहाँ 450 पत्रकारो को एक करना ? वो भी चारों सम्प्रदायों के ! कितनी बड़ी बात है , कैसा अद्भुत साथ मिला ? सभी के मन मे एक ही भावना , सब मिल के आगे बढ़ो और बढ़ाओ ? 450 आसपास पत्रकारो को जोड़ना कोई खाने का खेल नहीं है ? हार्दिक हुंडिया ने कहा की मेरे आइजा परिवार के पत्रकारो को बधाई देता हूँ की ऐसे ही मिलनसार स्वभाव से आगे बढ़े और देश और विदेशों में बहुत नाम कमाये , लेकिन सकारात्मक खबरों से ।आइजा के संघटन में पत्रकारो इस लिये जुड़ रहे है की वो सब चाहते है की मिल के कुछ करे ? आइजा परिवार हम सब मिलकर धर्म के नाम पे धर्म की जगह जो धर्म को व्यापार बना दिया है उन सभी को पाप से बचाना है और बचाने का पुण्य हम सब मिलकर हमारे जीवन में आ जाये ये ही उच्च भावनाओ के साथ हमें जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। उक्त जानकारी जावरा से श्री कोचट्टा ने दी।

## सुबह छाया घना कोहरा





वाहन चलाना में ड्राइवर को परेशानी का सामना करना पड़ा

**धामनोद,सिंघम रिपोर्टर।** नगर मे बुधवार की शाम बदले मौसम के साथ छाया कोहरा ज्यादा से क्षेत्र में रबी फसल को नुकसान हुआ है मावठे की बारिश ने पानी की किल्लत उठा रहे किसानो को फायदा पहुंचाने से ज्यादा ओलावृष्टि ने नुकसान किया है। बुधवार की सुबह कोहरा छाया रहा । वाहनो के ड्राइवर को परेशानी का सामना करना पड़ा ।

# सड़क निर्माण में झोल : यह कैसा सडक निर्माण, बनते बनते ही उखड़ रहा डामर

▶▶ प्रोजेक्ट डिटेल्स के आधार पर नहीं बन रही सड़क, ▶▶ नहीं हो रही सड़क निर्माण की मॉनीटरिंग, ▶▶ ना कोई अधिकारी मौके पर ना ही कोई इंजिनियर, ▶▶ करोड़ 38 लाख रुपए में बन रही महज 3 किलोमीटर की सड़क, ▶▶ मामला प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली जावरा-ईस्माइल पुरा सड़क का

**सिंघम रिपोर्टर ❑ जावरा**





गांवों से शहरों और मुख्य मार्गो से जोडने के लिए केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना बनाकर कई गावों को शहरों से जोडने सड़के बनाने का काम शुरु किया हैं, लेकिन इन सड़कों के निर्माण में किस कदर से धांधली हो रही हैं, इसका अंदाजा फोरलेन रोड़ से ईस्माईल पुरा तक की महज 3 किलोमीटर की सड़क निर्माण से लगाया जा सकता हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत महज 3 किलोमीटर की सड़क बनाने में करीब 1 करोड़ 38 लाख 26 हजार रुपए की राशि खर्च की जा रही हैं, इस सड़क पर वर्तमान में डामरीकरण का कार्य चल रहा हैं, लेकिन डामरीकरण की गुणवत्ता कां अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता हैं कि सड़क पर हो रहा डामरीकरण बनते बनते ही उखडने लगा हैं। कई स्थानों पर तो गिट्टी भी निकल गई हैं तो कई स्थानों पर गढ्ढे हो चुके हैं।

### जो बोर्ड पर लिखा क्या उस मान से बन रही हैं सड़क -

जावरा से ईस्माइलपुरा तक की 3 किलोमीटर की सड़क बनाने का काम जावरा के एक ठेकेदार के पास हैं। ठेकेदार ने फोरलेन पर इस सड़क के किनारे योजना के साथ प्रोजेक्ट की डिटेल का बोर्ड तो लगाया हैं, लेकिन जो डिटेल्स बोर्ड पर लिखी गई हैं, उसके मुताबिक काम हो रहा हैं या नहीं, इसका पता नहीं चल पा रहा हैं, क्यों कि निर्माणाधीन सड़क की मानिटरिंग करने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जुड़ा ना तो कोई अधिकारी मौके पर दिखाई दिया हैं और ना ही कोई इंजिनियर, ऐसे में सड़क निमार्ण कार्य मजदुरो के भरोसे ही चल रहा हैं। ग्रामीणों के साथ ही जानकारों की माने तो बोर्ड में प्रोजेक्ट से जुड़ी जो डिटेल्स लिखी गई हैं, उसके मान से सड़क का निर्माण कार्य नहीं हो रहा हैं, लेकिन इस ओर न तो कोई स्थानीय अधिकारी ध्यान दे रहा हैं और ना ही संबंधित विभाग के अधिकारी। ऐसे में मनमर्जी की सड़क बनाई जा रही हैं, जिस पर बनते बनते ही डामर उखड़ रहा हैं।

# ईश्वर सेन को केश शिल्पी भेंटकर सम्मान किया गया



**बड़ावदा सिंघम रिपोर्टर ।** भोपाल मे संचालनालय नगरीय प्रशासन विकास मध्य प्रदेश भोपाल में मध्य प्रदेश राज्य केश शिल्पी बोर्ड भोपाल के अध्यक्ष कैबि नेट मंत्री दर्जा प्राप्त नंदकिशोर वर्मा द्वारा ईश्वर लाल सेन गुर्जर बर्डिया को केश शिल्पी बोर्ड के मुख्यालय एम पी नगर भोपाल में कार्यो में सक्रियता एवं निष्ठा पूर्वक जिम्मेदारियां निभाने पर अभिनंदन पत्र दिया गया साथ ही भाजपा प्रदेश,कार्यालय में प्रदेश कार्यालय मंत्री राघवेंद्र शर्मा द्वारा स्वागत एवं शिष्टाचार भेट की केश शिल्पी बोर्ड का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया तथा ईस्ट मित्रो कार्यकर्ता में खुशी की लहर दौड़ गयी और मिठाई खिलाकर मुँह मुठा करवाया गया !

अभिनंदन ऑटोमोबाईल्स
होलसेल एवं रिटेल
लुबरिकेन्ट्स ऑईल & ग्रीस, टायर ट्यूब, ओमनी पेच, आईल ग्रीस के विक्रेता
डीलर : CEAT & J.K. टायर
जितेन्द्र टांक मो. 94259 26767
लक्ष्मीनारायण टांक 94259 26768
310/ महू-नीमच रोड़ इप्का गेस्ट हाउस के सामने, रतलाम
07412357460,9399310476
आवश्यकता है
घर एवं दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार।

# गौ माता की सेवा प्रभु सेवा है- श्रीमती रेखा सुराणा




**सिंघम रिपोर्टर ❑ जावरा**

श्री श्वेतांबर जैन वरिष्ठ महासंघ द्वारा चालू की गई गौ माता के लिए गुड़, गो ग्रास एवं सर्दी से बचने के लिए कंबल योजना वास्तव में सराहनीय है, मैंने पढ़ा है कि गौ माता की सेवा अप्रत्यक्ष रूप से प्रभु सेवा है। मेरी सभी सदस्यों ने आज आप सबके बेचकर गौ सेवा करने से एक अलग ही आनंद की अनुभूति हुई है ,उक्त विचार श्री जैन दिवाकर महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रेखा सुराणा ने जीव दया सोसाइटी पर जीवदया करते हुए कही ।इस अवसर पर महासंघ के अध्यक्ष अभय सुराणा ने कहा कि हमारी यह सेवा निरंतर चालू है और आगे भी रहेगी इसी तारतम्य में नव वर्ष यानी 1 जनवरी 2025 को श्री मुरलीधर गौशाला जो कि जीव दया सोसायटी जावरा द्वारा संचालित है उसे गौशाला में 81 किलो गुड़ गो ग्रास व 51 कंबल गोवंश को ढकने के लिए प्रदान किए जाएंगे। प्रारंभ में महिला मंडल के पदाधिकारी का स्वागत संस्था अध्यक्ष अभय सुराणा ने किया संचालन संस्था सचिव अनिल चोपड़ा ने किया तथा आभार प्रदर्शन अनिल श्रीमाल ने माना इस अवसर पर एक पेटि गुड़ जीव दया बहू मंडल चौपाटी ने देने की बात कही।

श्रीमती त्रिशला नादेंचा कुसुम औरा मधु खटोड़ शीला श्रीमाल किरण जैन सुनीता पटवा श्वेता कोठारी रेखा सुराणा के साथ ही प्रकाश चंद संघवी विनोद लुनिया नेमीचंद जैन राजेंद्र कोचर प्रकाश चंद पामेचा राजकुमार हरण कनेश मेहता अनिल चोपड़ा अभय सुराणा अनिल श्रीमाल अनिल धारीवाल मास्टर अयांश सुराणा आदि उपस्थित थे।

# वंचित लोगों को समाज से जोड़ने का कार्य कर रहा भारत विकास परिषद : डॉ पालीवाल

**सिंघम रिपोर्टर ❑ जावरा**




भारत विकास परिषद शाखा जावरा द्वारा सेवा और संस्कार के प्रकल्पों के अंतर्गत वंचित वर्ग के लोगों को अधिक से अधिक समाज से जोडने का कार्य किया जा रहा वह निश्चित रूप से भारत विकास परिषद के उद्देश्यों की पूर्ति करता है समाज के प्रेरणादाई कार्य मैं कमला देवी राकेश त्रिवेदी परिवार द्वारा स्वर्गीय बृजलाल त्रिवेदी की स्मृति में भारत विकास परिषद के उद्देश्यों की पूर्ति में भागीदार बनने पर बहुत-बहुत साधुवाद।

उक्त विचार भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित कंबल एवं मिठाई वितरण के अवसर पर भगत सिंह महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ अवध नारायण पालीवाल ने व्यक्त किया। भारत विकास परिषद अध्यक्ष डॉ राजेंद्र त्रिवेदी ने भारत विकास परिषद द्वारा संस्कार और सेवा प्रकल्प को समाज से जोडने का मुख्य आधार बताते हुए कहा कि भारत विकास परिषद हमेशा सेवा के हर कार्य में आगे है चाहे नेत्रदान प्रकल्प हो या वंचित वर्ग के लिए और कोई आवश्यकता हो गोपाल सेठिया संस्कार प्रकल्प ने आगे इसी तरह उद्देश्यों की पूर्ति के लिए समाज के सहयोग का आह्वान किया । संगठन मंत्री सुनील तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ अशोक पाटीदार, महिला प्रमुख रितु सिसोदिया, पूर्व अध्यक्ष यश जैन, डॉ अभीदीप शाकल्य, अभय कोठारी, वीरेंद्रसिंह चौहान, नेत्रदान प्रकल्प प्रभारी निलेश मेहता, अतुल उपमन्यु, सुधीर शर्मा, श्रीकांत शिवहरे, अमित पाटीदार, सुनील जोशी, निलेश जोशी, अनिल पाठक, अनुपम भट्ट, राजेश शर्मा, राजेंद्र पाटीदार, प्रकाश मेहता, संजय गौड़, डॉ हेमंत पाटीदार, महावीर भंडारी, श्याम शर्मा, प्रहलाद मेहरा, प्रेमसुख पाटीदार, प्रहलाद मालानी, नरेश राठौड़ आदि ने कार्यक्रम में भागीदारी की। संचालन सचिव देवेंद्र भारद्वाज ने किया। आभार ज्योति जोशी, प्रीति त्रिवेदी ने माना।

# मिनीपुरा स्कुल के विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर

**सिंघम रिपोर्टर ❑ जावरा**

समासेवियों द्वारा नगर के मिनीपुरा में स्थित एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय काटजू क्रमांक एक में पढने वाले कक्षा पहली से कक्षा 8 वी तक के बच्चों को ऊनी वस्त्र प्रदान किए गए। बता दें कि इस विद्यालय में अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े पिछडा वर्ग के बच्चे पड़ते हैं। रतलाम थाना औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी वीडी जोशी, शिवशक्ति ऑटो पार्ट्स के संचालक धीरज शर्मा एवं अम्बिका रिसोर्ट के बबलू भय्या सुराणा के सहयोग से सर्दी से बचाव हेतु विद्यार्थियों को स्वेटर व जैकेट दिए गए। इस मौके पर स्कूल की प्रभारी प्रधान अध्यापिका शकीला खानम, राशिद खान, नूरजहां खान, शमीम बानो अब्बासी, फरजाना खान, फातमा खान, मुकेश देवड़ा, मो.शफीक, गोविंदसिंह देवड़ा आदि मौजूद रहे।



रतलाम शहर का सबसे तेजी से बढ़ता अखबार... सच्ची और अच्छी और खबरों के साथ... पढ़ते रहिए

अब सिंघम टाइम्स में क्लासीफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
Classified
07412-230438
9827360605

समाचार-पत्र, विज्ञप्ति, विज्ञापन एवं एजेंसी हेतु संपर्क करें।
संजय मिश्रा 7697740242
पवनसिंह 7987601787
दीपक जोशी 9111967 596
स्टेडियम मार्केट, दो बत्ती चौराहा, रतलाम

# नुक्कड नाटक कर बैंक सेवा की जानकारी दी

**सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम**

धान कलंजियम फाउंडेशन, एक्सिस बैंक लिमिटेड और सामुदायिक वित्तीय साक्षरता केंद्र बाजना ने संयुक्त रूप से सेमलिया, संदला, खंदान, कागलीखोरा, झरनिया आदि गांवों में वित्तीय साक्षरता और बैंक सेवा की जानकारी के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।



बैंक में व्यवहार के बारे में वित्तीय नियोजन कैसे करें, इसकी सभी जानकारी नुक्कड़ नाटक से वित्तीय नियोजन और बजटिंग, बचत और निवेश, बीमा, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, फसल बीमा और पशुधन बीमा, ऋण और पुनर्भुगतान, डिजिटल के माध्यम से है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बैंकिंग, ग्राहक सुरक्षा और शिक्षा के बारे में जन जागरूकता पैदा की गई। बाजना ब्लॉक के ग्रामीण इलाकों सेमलिया, संदला , खांदन और कागलीखोरा, झरनिया आदि गांवों में नुक्कड़ नाटक और जनजागृति प्रस्तुत की गई।

उमा रानी मैडम मदुरै के मार्गदर्शन में स्टेट कॉर्डिनेटर नागराज सर, अनिल दवणे, रतलाम डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर आशुतोष पाटीदार, बांसवाड़ा डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर केशव शर्मा के साथ ब्लॉक कॉर्डिनेटर अंकित भाभर व सैलाना ब्लॉक कॉर्डिनेटर अजीत निनामा, गांव के सरपंच के साथ बाजना ब्लॉक दीपक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव के सरपंच, प्रमुख नागरिक ईष्ट मित्र और गांव के पुरुष, महिलाएं और युवाओं ने सहयोग किया।

# कर्मचारी संघ के पदाधिकारियो की सेवानिवृत्ति पर सम्मान








**सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम**

रतलाम,,मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की जिला सचिव दया आचार्य लेखापाल जिला चिकित्सालय एवं संघ के जिला उपाध्यक्ष गौतम खराड़ी एनपीएस स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्ति पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान कर किया गया एवं उनके स्वस्थ जीवन की कामना की इस अवसर पर कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शरद शुक्ला, प्रांतीय सचिव आराधना निगुड़कर, पिपलोदा अध्यक्ष पवन पटवा, गणेश मालवीय, सुनील वर्मा ,जुल्फिकार अली, जितेंद्र सिंह राठौर ,दिनेश गुजराती ,मुकेश पोरवाल, संजय मोदी, धर्मेंद्र पाटीदार आदि उपस्थित थे।

रिंगनोद में भी मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की सक्रिय सदस्य सुनीता कारपेंटर की सेवानिवृत्ति पर भी संघ के पदाधिकारी सुभाष चन्द्र शर्मा , राजेन्द्र सोनी , सुनील जी पाठक रमेश रायकवार एवं अन्य साथी ने साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कर्मचारी संघ के जिला संरक्षक दीपक सुराना ने भी सेवानिवृत्ति पदाधिकारी को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## सिंघम लेटेस्ट

### प्रभु प्रेमी संघ द्वारा प्रार्थना सत्संग आज शाम को



**रतलाम।** जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज द्वारा स्थापित प्रभुप्रेमी संघ रतलाम का विशेष प्रार्थना सत्संग आज एक जनवरी बुधवार श्री रामायण भवन कोठरीवास रतलाम पर सायंकाल रात्रि 7बजे से श्री कैलाश,जया शर्मा परिवार के सौजन्य से रखा गया है। प्रार्थना सत्संग का लाभ लेने का आग्रह प्रभुप्रेमी संघ शाखा रतलाम पदाधिकारियों द्वारा किया गया है।

### भारतीय वायु सेना में अग्निवीर आनलाईन पंजीयन 7 जनवरी से

**रतलाम ।** भारतीय वायु सेना (वायु) के लिए आवेदन हेतु आनलाईन पंजीयन की कार्यवाही 7 जनवरी से 27 जनवरीतक होगी। इच्छुक आवेदक वेबसाइट पर जाकर अपना आनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी एवं विज्ञापन भारतीय वायु सेना भर्ती की उपरोक्त वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है।

### नल जल योजना के संचालन संधारण हेतु बैठक का आयोजन

**रतलाम ।** जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम अडवानिया के पंचायत भवन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य एवं ग्राम की महिलाओ के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती जमुना मईडा ने बताया कि ग्राम में नल जल योजना होने से बहुत आराम हो गया है, महिलाओं की सबसे बड़ी समस्या हल हो गई है। पीएचई विभाग के जिला जल सलाहकार श्री आनंद व्यास ने नल जल योजना के महत्व को बताते हुए कहा कि की योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जलकर राशि का नियमित भुगतान हर उपभोक्ता द्वारा किया जाए। योजना में हुई टूट फुट, बिजली का बिल, नल चालक की तनख्वाह आदि कई खर्च होते हैं इसके लिए जलकर की वसूली बहुत जरूरी है। साथ पानी व्यर्थ ना हो इसके लिए नलों पर टोटिया लगानी चाहिए। इस बैठक में श्री राजेंद्र पाल, श्री नरेश यादव श्रीमती कमला बाई, श्री विनोद बामनिया, श्री नंदलाल परमार, श्री सुभाष शर्मा, श्री सुरेश पाटीदार, श्रीमती सागरबाई सवाजी, श्रीमती झाली बाई आदि उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने गुजरात भ्रमण किया

**रतलाम ।** नवीन व्यावसायिक शिक्षा की तारे परियोजना के अंतर्गत सात दिवसीय स्किल एक्सपोजर विजिट 2024 का आयोजन अहमदाबाद गुजरात में हुआ जिसमें जिले के उत्कृष्ट विद्यालय जावरा की छात्रा जानवी सुमन तथा खरवा कला स्कूल की छात्रा गोविंद यादव, वोकेशनल ट्रेनर हर्षिता बैरागी तथा नोडल अधिकारी अशोक बंसल ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। डीवीसी श्री योगेश पाल ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समग्र शिक्षा सेकेंडरी एजुकेशन के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष इसकी एक्सपोजर विजिट आयोजित की जाती है जिसमें जिला स्तरीय कौशल प्रदर्शनी में टॉपर स्टूडेंट का सिलेक्शन कर विजिट में शामिल किया जाता है। राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चयनित विद्यार्थियों को विभिन्न उद्योगों में कार्यशैली तथा प्रक्रियाओं को सीखने का अवसर प्रदान किया जाता है।

## महापौर भी हुए पूर्णाहुति में सम्मिलित

# यज्ञ नारायण के जयकारों के साथ हुई 71 वें महारुद्र यज्ञ की पूर्णाहुति

**सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम**



त्रिवेणी के पावन तट पर चल रहे 11 दिवसीय 71 वे महारुद्र यज्ञ की मंगलवार को हुई पूर्णाहूति । इस दौरान मौजूद हजारों श्रद्धालु साक्षी बने और यज्ञ नारायण के जयकारे, हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए सनातन धर्म की जय जयकार हुई।

श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति के बैनर तले 71 वां महारुद्र यज्ञ त्रिवेणी के पावन तट पर यज्ञ आचार्य दुर्गाशंकर ओझा के आचार्यत्व में चल रहा, जिसमें 21 भूदेव मंत्रोच्चार कर मुख्य यजमान श्रीमती प्रेमलता संजय दवे दम्पत्ति से लघु रुद्र की आहुतियां दिलवा रहे थे। यज्ञाचार्य ओझा ने बताया कि हर दिन एक लघु रुद्र की आहुतियां के साथ 11 लघु रुद्र की आहुतियां दी गई, जिसे महारुद्र यज्ञ कहा जाता है। महारूद्र यज्ञ पूर्णाहूति हजारों श्रद्धालुओं के साथ ही शहर के प्रथम नागरिक महापौर प्रहलाद पटेल, स्थानीय पार्षद एवं स्वास्थ्य समिति प्रभारी विशाल शर्मा, सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति अध्यक्ष अनिल झालानी, सचिव नवनित सोनी आदि पूर्णाहूति में शामिल होकर धर्मलाभ लिया।

पूर्णाहुति के पश्चात ढोल धमाके के साथ मुख्य यजमान दवे दम्पत्ति, यज्ञ आचार्य सहित 21 भूदेव त्रिवेणी कुंड पहुंचे, जहां पर उन्होंने स्नान किया। नया यज्ञोपवित और नए वस्त्र धारण किए । तत्पश्चात भूदेवों का सभी ने आशीर्वाद लिया। इसके बाद यज्ञ नारायण की आरती कर हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज के साथ परिक्रमा पूर्ण की एवं प्रसादी वितरित की गई।

पूर्णाहुति और आरती के अवसर पर सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष अनिल झालानी, संरक्षक पूर्व विधायक कोमल सिंह राठौड़, नवनीत सोनी, डॉ. राजेन्द्र शर्मा, पं. रामचंद्र शर्मा, लालचंद टाक, पुष्पेंद्र जोशी, बृजेंद्र नंदन मेहता, सत्यदीप भट्ट, चेतन शर्मा, दिनेश उपाध्याय, सत्यनारायण पालीवाल, गोपाल जवेरी, नारायण राठौर, दशरथ शर्मा, सतीश राठौर, दिनेश दवे, प्रेमनारायण सोनी, अविनाश व्यास, कपूर सोनी, महेश बाहेती, ताराबेन सोनी, राखी व्यास, आशा शर्मा, हंसा व्यास, आशारानी उपाध्याय, किरण व्यास, मंजू भट्ट, गीता शर्मा, किरण भट्ट, संगीता गोयल, रजनी व्यास सहित हजारों से श्रद्धालु मौजूद रहे।

पं. रामचन्द्र जी डोंगरे महाराज की प्रेरणा से स्थापित श्री बद्री नारायण सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित अन्न क्षेत्र में प्रतिदिन निराश्रितों को भोजन कराया जा रहा है । आज की भोजन प्रसादी स्व. श्री भेरूलाल जी राठौड़ की स्मृति में नारायण राठौर परिवार द्वारा करवाई गई । इससे पूर्व भगवान भोलेनाथ एवं श्री डोगरे महाराज की तस्वीर का पूजन कर दीप प्रज्जवलन किया गया । इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र शर्मा, नवनीत सोनी, राजेश दवे, विष्णु दलाल, मनोज शर्मा, सतीश राठौड़, राजा राठौड़, सुरेश मजावदिया, चेतन शर्मा आदि उपस्थित थे।

### श्री नाहर की पुण्यतिथि पर खिलाड़ियों ने श्रद्धांजलि दी



**सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम**

वरिष्ठ पत्रकार श्री सुशील नाहर जी की 13वीं पुण्यतिथि पर स्थानीय नेहरू स्टेडियम में खिलाड़ियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर चंद्रशेखर लश्करी ने कहा कि श्री नाहर रतलाम की खेल प्रतिभाओं को अपने अखबार में पूरा स्थान देते थे अखाड़े की खेल उपलब्धि के लिए क्या कहते हैं अखाड़े के उस्ताद खलीफा श्रृंखला चलाई थीद्य बच्चों के कार्यक्रम के लिए शक्तिमान के कलाकार मुकेश खन्ना को रतलाम आमंत्रित किया था। रामायण सीरियल के मुख्य पात्र भगवान राम बने अरुण गोविल और फिल्म चाइना गेट के कलाकार मुकेश तिवारी के साथ ही पूर्व ओलंपियन पप्पू यादव, कैप्टन मुश्ताक अली जैसे खिलाड़ियों को रतलाम आमंत्रित किया था और रतलाम के खिलाड़ियों से परिचय कराया थाद्य उनकी 13वीं पुण्यतिथि पर सामूहिक रूप से खिलाड़ियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कीद्य इस अवसर पर चंद्रशेखर लश्करी, लाखन सिंह टैगोर, जितेंद्र धूलिया एवं खिलाड़ी गण उपस्थित थे।

### राम नाम की लूट है.... लूट सके तो लूट



**सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम**

दयानंद बस्ती वार्ड क्रमांक 49 के द्वारा 1 जनवरी 2024 से जो प्रकल्प चालू किया गया था प्रभात फेरी के रूप में उसका आज 1 साल का संकल्प पूर्ण हो चुका है यह प्रभात फेरी आगे भी इसी प्रकार निरंतर चलती रहेगी ।सेवानिवृत शिक्षक और समाजसेवी यशवंत जेठानियां ने राम भक्तों एवं रहवासियों से 1 जनवरी से 22 जनवरी तक उक्त प्रभात फेरी में सम्मिलित होकर प्रभात फेरी के साथियों को नव ऊर्जा प्रदान करें।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 38 आवेदनों पर निराकरण के निर्देश जारी किए गए

**सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम**




जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में संपन्न हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने सुनवाई करते हुए आवेदनों पर निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों को जारी किए। संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव पांडे, डिप्टी कलेक्टर श्री राधा महंत, एसडीएम ग्रामीण श्री विवेक सोनकर ने भी जनसुनवाई की।

जनसुनवाई में जिले की ग्राम पंचायत भारोडा के रामचंद्र देवीलाल आदि ग्रामीणों ने गांव में निर्मित सीसी रोड तथा चेक डैम निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग होने के कारण दोनों रोड तथा डेम जर्जर स्थिति के होने की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की गई। आवेदन पर सीईओ जिला पंचायत को कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किए गए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत भारोडा सरपंच के विरुद्ध धापूबाई देव, भगवतीलाल, गिरधारी धाकड़, देवीलाल, रामचंद्र, सोनू आदि ग्रामीण द्वारा शिकायत की गई की जमीन की नपती नहीं करने दी जा रही है। अन्य गंभीर शिकायतें भी सरपंच के विरुद्ध आवेदन में की गई है। इस संबंध में तहसीलदार नामली को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। जिले के ग्राम सांसर के ग्रामीणों ने गांव की महिला द्वारा अपने कर्तव्य के निर्माण में लापरवाही करने, हल्का में अनियमित रूप से उपस्थित रहने, जनता के राजस्व कार्य नहीं करने, किसान हितेषी जानकारी नहीं उपलब्ध कराने की शिकायत की गई। आवेदनपर एसडीएम सैलाना को कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए। रतलाम श्रीमालीवास निवासी प्रगति राजेश मीणा द्वारा कलेक्टर कार्यालय निर्वाचन में पदस्थ उनके पिताजी की मृत्यु उपरांत पिता की जगह पर पद उपलब्ध कराने के लिए आवेदन किया गया। आवेदन निर्वाचन कार्यालय में कार्रवाई हेतु लिया गया। आवेदक प्रगति द्वारा उसकी माता की कैंसर की बीमारी की जानकारी देते हुए आर्थिक सहायता की भी मांग की गई, सहायता हेतु कलेक्ट्रेट की शाखा प्रभारी को निर्देश जारी किए गए हैं।


जनसुनवाई में बाजना क्षेत्र के घाट खेरदा निवासी मोहन पिता जीवना ने शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक द्वारा पद का गलत अनुचित लाभ लेकर भारी भ्रष्टाचार करते हुए करोड़ों रुपए से अधिक की आय तथा संपत्ति अर्जित करने का अपराध किया है। नई जीप खरीदकर ड्राइवर नौकरी पर रखकर जीप में घूमता है। ग्राम पंचायत के सभी खेत तालाबों की सामग्री की राशि जो शासन द्वारा स्वीकृत होती है उसे राशि को वह खुद के बिल लगाकर राशि निकाल लेता है। रोजगार सहायक द्वारा रोजगार गारंटी योजना में फर्जी तरीके से मजदूरी के पैसे खुद के घर वालों के नाम भरकर राशि निकाल लेता है।












संपादकीय

## टूटते बिखरते बच्चे

अगर माता-पिता अपने बच्चे को वक्त बर्बाद न करने और पढ़ाई करने की हिदायत देते हैं, तो यह बच्चों के हित में ही होता है। मगर विडंबना है कि आजकल बहुत सारे बच्चों में ऐसी प्रवृत्ति देखी जा रही है, जो उनके भावनात्मक या मानसिक रूप से बेहद कमजोर होने का संकेत देती है। बहुत मामूली बातों पर किसी बच्चे के भीतर इतना गुस्सा उभरता है कि या तो वह प्रतिक्रिया स्वरूप अपने सामने के किसी व्यक्ति को या फिर खुद को ही नुकसान पहुंचा देता है। पिछले कुछ समय से अक्सर ऐसी खबरें सामने आने लगी हैं, जिनमें अभिभावक ने अपने बच्चे को पढ़ाई करने के लिए थोड़ा डांटा तो बच्चा इस कदर तनाव में आ गया कि उसने आत्महत्या कर ली। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से शनिवार को ऐसी ही एक खबर आई, जिसमें बारहवीं कक्षा में पढ़ाई करने वाली सत्रह वर्ष की एक बच्ची को उसके पिता ने पढ़ाई करने के लिए थोड़ी डांट लगाई, तो उसके बाद बच्ची ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। इससे पहले, हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे में भी एक बच्ची ने सिर्फ इसलिए अपनी जान दे दी कि उसकी मां ने उसे ज्यादा मोबाइल देखने के बजाय पढ़ाई पर ध्यान देने को कहा। बच्चों के भीतर उभर रही इस तरह की प्रवृत्ति व्यापक चिंता का कारण बनने लगी है। यह कहा जा सकता है कि किशोरावस्था में कई स्तर पर मानसिक उथल-पुथल के नाजुक दौर से गुजर रहे बच्चों से संवेदनशीलता के साथ पेश आना चाहिए, लेकिन इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि बच्चों के भीतर सहनशीलता और धैर्य की इस कदर कमी होने के पीछे कौन-सी परिस्थितियां और वजहें जिम्मेदार हैं कि वे अपने अभिभावकों की वैसी बातों पर भी काबू खो बैठते हैं, जो उनके हित के लिए कही गई होती हैं। मानवीय व्यवहार की कसौटियां और आधुनिक तकनीकी के संजाल के बीच इस जटिल होती समस्या पर समय रहते विचार करने की जरूरत है कि बच्चों के साथ बर्ताव और उनके भीतर प्रतिक्रिया के मामले में किस तरह एक संतुलित और परिपक्व समझ का विकास किया जा सकता है।

अपनी बात

## ट्रंप के ऑर्डर होते ही भारतीयों की होगी बल्ले-बल्ले

आव्रजन नीति को लेकर नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रुख बदल गया दिखता है। निश्चित तौर पर भारत से वहां गए लोगों के लिए यह राहत की बात है। हालांकि इस मसले पर ट्रंप के समर्थकों का एक समूह उनका विरोध कर रहा है। दरअसल, ट्रंप ने एच1बी वीजा को बरकरार रखने पर सहमति दे दी है। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने इस पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसे लेकर विवाद छिड़ गया था। इस बार भी चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने अमेरिका प्रथम की नीति पर आगे बढ़ने और आव्रजन नीतियों को कड़ा बनाने का मुद्दा उठाया था, मगर भावी ट्रंप प्रशासन में शामिल किए गए उद्योगपति एलन मस्क और भारतीय मूल के तकनीकीविद विवेक रामास्वामी ने इस पर प्रतिबंध लगाने का विरोध कर दिया। खबरों के मुताबिक, मस्क ने तो यह भी कह दिया कि वे एच1बी वीजा को बचाए रखने के लिए युद्ध तक करने को तैयार हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रपति चुनाव अभियान में मस्क खुल कर ट्रंप के समर्थन में रहे। उनका कहना है कि एच1बी खत्म होने से कंपनियों के लिए बाहर से कुशल तकनीशियनों और विशेषज्ञों को लाना संभव नहीं हो पाएगा। रामास्वामी ने भी तर्क दिया कि इससे न केवल कंपनियों, बल्कि अमेरिका का भी बड़ा नुकसान होगा। एच1बी पर प्रतिबंध लगने से सबसे अधिक भारतीय नागरिकों के सामने संकट पैदा हो सकता था। अमेरिका हर साल करीब पैंसठ हजार कुशल तकनीशियनों, चिकित्सकों आदि की भर्ती करता है, जिसमें से करीब पैंतालीस हजार भारतीय होते हैं। यानी हर दस में से सात विशेषज्ञ भारतीय होता है। हाल ही में आई एक रपट के मुताबिक अमेरिका में करीब सवा तीन लाख भारतीय विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। एच1बी वीजा उन्हीं लोगों को दिया जाता है, जिन्हें कंपनियां अपनी जरूरत के मुताबिक भर्ती करती हैं। इस वीजा की अवधि तीन साल की होती है और जरूरत पड़ने पर उसे और तीन साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। अमेरिका में रह रहे बहुत सारे विशेषज्ञ इसी वीजा के तहत गए हैं। ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में जब इस वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया, तो लाखों विशेषज्ञों और पेशेवरों के सामने संकट पैदा हो गया था। इस दृष्टि से बेशक दबाव में ट्रंप ने अपना रुख बदल लिया है, अमेरिका में बेहतर भविष्य की तलाश करने वाले हजारों भारतीयों के लिए यह बहुत राहत की बात है। दरअसल, राजनेता नीतियों में बहुत सारे बदलाव अपना जनाधार बढ़ाने के मद्देनजर कर लेते हैं। एच1बी वीजा को लेकर ट्रंप का रुख भी कुछ वैसा ही था। जब वे पहली बार राष्ट्रपति चुनाव लड़े थे, तब भी विदेशी नागरिकों, खासकर भारतीय मूल के लोगों पर निशाना साधते हुए अमेरिकी युवाओं को भरोसा दिलाया था कि वे बाहरी लोगों से छीन कर उनका हक वापस करेंगे। इसका नतीजा यह हुआ कि अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के लोगों पर नस्लवादी हमले बढ़ गए थे। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि किसी भी देश को गैरकानूनी तरीके से घुसपैठ करने वालों को लेकर चिंतित होना चाहिए। मगर एच1बी वीजा गैरकानूनी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देता। अगर इस पर प्रतिबंध लगता, तो उसका खमियाजा वहां की कंपनियों को भुगतना पड़ता। सच्चाई यही है कि अब भी अमेरिका में इतने कुशल तकनीशियन और दूसरे पेशेवर नहीं हैं कि वहां की कंपनियां उनके भरोसे अपना कारोबार चला सकें। इस लिहाज से ट्रंप प्रशासन के नए रुख से न केवल भारतीय युवाओं, बल्कि अमेरिकी कंपनियों को भी राहत मिलेगी।

# जनसुनवाई में सुनी 47 आवेदकों की समस्याएं

## अधिकारियों को दिए निराकरण करने के निर्देश



खरगोन • सिंघम रिपोर्टर

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 31 दिसंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें संयुक्त कलेक्टर सत्यनारायण दर्रो ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 47 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे।

जनसुनवाई में कसरावद तहसील के पिपलगोन निवासी अजीम पिता बाबु खान मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत पिपलगोन में किए गए कार्य की राशि नहीं मिलने की शिकायत लेकर आए थे। इस प्रकरण में जनपद पंचायत कसरावद के सीईओ को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में भीकनगांव तहसील के ग्राम डोंगरगांव निवासी नारायण पिता रेमसिंह चौहान शिकायत लेकर आए थे कि उनकी पुत्री की 18 अप्रैल 2023 को नहर के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई है। उसके द्वारा 05 बार आवेदन दिए जाने के बाद भी अब तक उसे सहायता राशि प्राप्त नहीं हुई है। इस पर भीकनगांव एसडीएम को नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। जनसुनवाई में विश्वसखा कॉलोनी बिस्टान रोड़ निवासी अनिल कुमार टोपी नेशनल हाईवे निर्माण के लिए अधिग्रहित किए गए भूखण्ड का मुआवजा दिलाए जाने की मांग लेकर आए थे। खरगोन तहसील के ग्राम निमगुन की शिवकन्या बाई यादव बीमारी के उपचार के लिए आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग लेकर आयी थी।

# कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

## राजस्व महाअभियान की प्रगति, सीएम हेल्पलाइन और जनकल्याण शिविर में प्राप्त आवेदनों की हुई समीक्षा

खरगोन • सिंघम रिपोर्टर



कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने 30 दिसंबर को गुगल मीट के माध्यम से जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की बैठक लेकर राजस्व महा अभियान की प्रगति, सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों एवं जनकल्याण शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर सत्यनारायण दर्रो, हेमलता सोलंकी, एसडीएम बी एस कलेश, डिप्टी कलेक्टर पूर्वा मंडलोई, अधीक्षक भू-अभिलेख खुमानसिंह चौहान भी उपस्थित थे।

बैठक में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, नक्शा शुद्धिकरण, खसरा की आधार से लिंकिंग, फार्मर आईडी बनाने और परंपरागत रास्तों के चिन्हांकन में राजस्व महाअभियान में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की और इन राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लक्ष्यों को शीघ्रता से हासिल करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न राजस्व मदों की लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने कहा गया। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत लगाई जा रहे हैं शिविरों में राजस्व से संबंधी प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि दिसंबर माह में प्राप्त एक-एक शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण किया जाए। इसके लिए पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक के कार्यों की सतत समीक्षा करने कहा गया। इसी प्रकार 50 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण करने कहा गया।



# जनसुनवाई में आए कुल 65 आवेदन

धार • सिंघम रिपोर्टर

अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुना और सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर शाश्वत शर्मा ने भी आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस जनसुनवाई में कुल 65 आवेदन आए।

इस जनसुनवाई में पीएम आवास का लाभ दिलवाने, अनुदान राशि दिलवाने, दिव्यांग को सहायता राशि दिलाने, स्वयं की भूमि पर दूसरों के द्वारा किए गए कब्जे को हटाने, संबंल योजना का लाभ दिलवाने, अतिक्रमण हटाने, मुआवजा राशि दिलाने, भूमि का सीमांकन करवाने, बीमा राशि दिलवाने, अवैध कब्जा हटवाने, एरियर राशि का भुगतान करवाने इत्यादि संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

## भारतीय वायु सेना में अग्निवीर (वायु) की भर्ती के लिए 7 जनवरी से पंजीयन प्रारंभ

**खरगोन।** भारतीय वायु सेना द्वारा भारतीय वायु सेना में अग्निवीर की भर्ती के लि विज्ञापन जारी किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी प्रीतिबाला सस्ते ने बताया कि अग्निवीर भर्ती के लिए 07 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक https://agnipathvayu.cdac.in पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

## पशुओं के टीकाकरण का पंचम चरण एक जनवरी से प्रारंभ होगा

**धार।** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने बताया कि एनएडीसीपी अंतर्गत एफएमडी टीकाकरण का पंचम चरण एक जनवरी से प्रारंभ होकर 15 फरवरी 2025 तक चलेगा। उन्होंने समस्त पशुपालकों, डेयरी एवं गोशाला वालों को अवगत कराया है कि वे पशुपालन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी से अपने-अपने पशुओं का टीकाकरण करवाए एवं कोई समस्या के संबंध में चाही गई जानकारी उपलब्ध करवाने में सहयोग प्रदान करे।



## जनपद पंचायत बाग में सामान्य प्रशासन की बैठक आयोजित
## नए वर्ष में नगर को मिलेगी कई सौगात, होंगे नए विकास कार्य

बाग • सिंघम रिपोर्टर

बाग जनपद पंचायत की अध्यक्ष शकरीबाई नारायण भूरिया की अध्यक्षता में सोमवार को सामान्य प्रशासन की बैठक आयोजित हुई, जिसमें 2025 के नए वर्ष में नगर के विकास के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में बाग नगर के लिए कई विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई, जिनमें 15 जनवरी से बस स्टैंड से मुख्य रोड तक पुराने तारों और खंभों का बदलना, मोहल्लों में नालियों का निर्माण, सामुदायिक शौचालय, हैंड पंप की स्थापना, और राठी जी के खेत से चामुंडा माता मंदिर तक रोड निर्माण शामिल हैं। इसके अलावा, नगर में विद्युत समस्या और शिक्षा के गिरते स्तर पर भी चर्चा की गई। बिजली की बार-बार कटौती को लेकर ईई लोकेन्द्र पटेल से समाधान की बात की गई, और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए बीईओ अरविंद नायक ने ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में मानिटिंग जारी रखने की जानकारी दी। बैठक में जनपद सदस्य और विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

## झाबुआ पुलिस का सराहनीय कार्य

**झाबुआ।** झाबुआ के विकास उन्नति, सामाजिक सुधार और सशक्तिकरण के लिए समाज के समक्ष परिवर्तन का पथिक बनना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य, लक्ष्य को लेकर झाबुआ पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा झाबुआः परिवर्तन का पथिक पत्रिका का प्रकाशन हित, समाज में परिवर्तन के लिये संभव हुआ है। झाबुआ पुलिस सामुदायिक कार्यों के लिये कृत संकल्पित है। पुलिस प्रशासन व जनता के मध्य मधुर संबंध के साथ सद्भाव उत्पन्न हो सके इस उद्देश्य के साथ झाबुआ जिले में रक्षा सरभी कार्यक्रम भी पुलिस द्वारा आयोजित हो रहे है, जिससे आम जनता में जागरूकता उत्पन्न हो रही है। पत्रिका- झाबुआ- परिवर्तन का प्रतीक के प्रकाशन की प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने झाबुआ पुलिस के प्रयास की सराहना करते हुए शुभकामनाएं अपने संदेश में व्यक्त की है। जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया तथा पुलिस महानिरीक्षक अनुराग, पुलिस उप महानिरीक्षक इंदौर रेंज निमिष अग्रवाल ने झाबुआ पुलिस पत्रिका प्रकाशन के कार्य की सराहना की है।

# योग, तप, साधना और साहचर्य से जीना सिखाती है हमारी संस्कृतिः डॉ. यादव

## सांस्कृतिक वैविध्य ही हमारी पहचान, जन-जागृति लाने में महर्षियों की बड़ी भूमिका, महर्षि बालीनाथ परम संत थे, मुख्यमंत्री, उज्जैन में बैरवा जयंती में हुए शामिल

उज्जैन • सिंघम रिपोर्टर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत विभिन्न धर्मों, समाजों, भाषाओं और संस्कृतियों का देश है। सब मिलकर यहां सद्भावपूर्वक रहते हैं। सांस्कृतिक वैविध्य ही हमारी संस्कृति की पहचान है। हमारी आस्था और जीवन मूल्य हमें विकास की ओर ले जाते हैं। योग, तप, साधना और साहचर्य से जीवन का समग्र विकास की शिक्षा सिर्फ भारतीय संस्कृति ही सिखाती है। समाज में जनजागृति लाने में महर्षियों की बड़ी अहम भूमिका रही है। महर्षि बालीनाथ जी बैरवा उन्हीं में से एक थे। वे परम संत थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को उज्जैन में महर्षि श्री बालीनाथ जी बैरवा जयंती कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो असंभव दिखता है, वो केवल सनातन धर्म में ही संभव है। महर्षि बालीनाथ जी ने समाज की कुरीतियों, रूढ़ियों और बुराइयों को खत्म किया और सबको सद्मार्ग की ओर ले जाने का काम किया। उन्होंने बालीनाथ जी की स्मृति में देश के दूरदराज से आए बैरवा समाजजन का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस प्रदेश स्तरीय सामाजिक कार्यक्रम में आकर वे बेहद प्रसन्न है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री अखिल जूनवाल द्वारा लिखित पुस्तक भीम वंदना का विमोचन भी किया। इसके बाद बैरवा समाज की बाईक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग एवं उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, अखिल भारतीय बैरवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश जारवाल, लालाराम बैरवा, राधेश्याम बैरवा, मुकेश टेटवाल, सी.एल. बैरवा, प्रभुराम सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे।

**अगले साल होगी राज्य स्तरीय पंचायत-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार अगले साल बैरवा समाज की राज्य स्तरीय पंचायत का आयोजन करेगी। इसमें देश के विभिन्न अंचलों में रह रहे बैरवा समाजजनों को आमंत्रित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में हो रहे औद्योगिक विकास में बैरवा समाज के उद्योगपति और व्यवसायियों को जोड़कर बैरवा समाज का सर्वांगीण विकास करेगी। उन्होंने कहा कि बैरवा समाज के बच्चे खूब पढ़ें, लिखें और आगे बढ़ें, इसके लिए सरकार हर जरूरी प्रयास और सहयोग भी करेगी।

**सरकार पूरे ब्याज सहित मिल मजदूरों को उनका हक दिलाएगी** - मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महर्षि बालीनाथ जी के बताए मार्ग से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार गरीबों के जीवन में उजाला लाने और उनके कष्टों का निवारण करने का प्रयास कर रही है। हमारी सरकार ने उज्जैन की विनोद मिल के मजदूरों का संकट खत्म किया, उन्हें उनके सभी हक दिलाए। इंदौर की हुकुमचंद मिल के मामले का भी समाधान किया। हम ग्वालियर की जेसी मिल्स के मजदूरों को भी उनका हक दिलाने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की ऐसी सभी बंद मिलों, जिनके मजदूरों को उनका हक अब तक नहीं मिल पाया है, सरकार पूरे ब्याज सहित उन मिल मजदूरों को उनका वाजिब हक दिलाएगी।

### मिशन मोड में किया जा रहा गरीब, युवा, किसान और नारी कल्याण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार प्रदेश में गरीब, युवा, किसान, महिला और सभी जरूरतमंदों का कल्याण अभियान मिशन मोड में चलाया जा रहा है। प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध होकर प्रयास कर रही है। विकास के लाभ से किसी को भी वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। सबके सपने साकार करने के लिए हम हर जरूरी कदम उठाएंगे।



# मुख्यमंत्री ने उज्जैन से प्रस्थान के दौरान बाबूलाल से खरीदे अमरूद

## अचानक मुख्यमंत्री को सामने देखकर चकित रह गए बाबूलाल

उज्जैन • सिंघम रिपोर्टर

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव अपने सरल और सहज स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। इसकी एक झलक मुख्यमंत्री के मंगलवार को उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात यहां से प्रस्थान करने के समय दिखाई दी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव उज्जैन में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात हेलीपेड के लिए प्रस्थान कर रहे थे। अचानक उनकी दृष्टि ठेले पर फल बेचने वाले पर पड़ी। मुख्यमंत्री ने वाहनों का काफिला रोकने के आदेश दिए तथा कार से उतर कर एक किलो अमरूद खरीदें। फल बेचने वाले 60 वर्षीय बाबूलाल केलकर ने बताया कि उनके सामने अचानक काफिला रूका और मुख्यमंत्री आए तो वे उन्हें देखकर चकित रह गए थे।

मुख्यमंत्री ने अत्यंत सहज भाव से एक सामान्य व्यक्ति की तरह उनसे एक किलो अमरूद का भाव पूछा और इसके बाद अमरूद खरीदें। बाबूलाल ने मुख्यमंत्री को बताया कि एक किलो अमरूद 30 रूपए के हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें 500 रूपए का नोट दिया और जब बाबूलाल ने बचे हुए रूपए लौटाने की चेष्ठा की तो मुख्यमंत्री ने यह कहकर मना कर दिया कि उन्हें बस उनका आशीर्वाद चाहिए। बाबूलाल मुख्यमंत्री के स्वभाव से प्रभावित हुए बिना न रह सके। उन्होंने बताया कि वे और उनकी पत्नी काफी समय से देवास रोड़ स्थित डीआरपी लाईन के समीप फल बेचते हैं। बाबूलाल ने कहा कि आज का दिन वे जीवन में कभी नहीं भूलेंगे। मुख्यमंत्री से हुई आकस्मिक भेंट उन्हें हमेशा याद रहेगी।

## माता की मूर्ति क्षतिग्रस्त करने वाले को औद्योगिक थाना पुलिस ने मात्र 2 घंटे में किया गिरफ्तार

**देवास।** 31 दिसंबर 2024 को फरियादी ममता पति हरीश परिहार निवासी ईश्वर नगर देवास ने पुलिस को सूचना दी कि विकास नगर चौराहा स्थित माताजी की मूर्ति को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जगह से हटाकर साइड में फेंक दिया जिससे मूर्ति क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुईं है। रिपोर्ट पर थाना औद्योगिक क्षेत्र पर अपराध क्रमांक 1342/2024 धारा 298 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी की जल्द गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के द्वारा निर्देशित किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक दीशेष अग्रवाल के निर्देशन थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम के द्वारा तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किए गए व घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज और गार्डनों के कैमरों की जांच की गई जिससे एक व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत हुआ। उक्त व्यक्ति से घटना के बारे मे पुछताछ की गई जिसने बताया कि वह रात में स्वास्तिक गार्डन में शादी में शामिल होने आया था। शराब के नशे में गार्डन का गेट बंद होने पर गुस्से में उसने विकास नगर चौराहे पर माताजी की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया था । जांच में पाया गया कि आरोपी राधेश्याम रंगवाल पिता भागीरथ रंगवाल उम्र 45 वर्ष निवासी साजोद जिला शाजापुर हाल निवासी रामचंद्र नगर देवास के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड हैं । पुलिस टीम ने सतर्कता और त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को मात्र 02 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया, उनि विजय सोनी, गोविंद बड़ोलिया, सर्जन सिंह मीणा, प्रआर घनश्याम, सुरेश धाकड़, शैलेन्द्र राणा, आर अजय एवं लक्ष्मीकांत की सराहनीय भूमिका रही।

## सहायक जनसंपर्क अधिकारी उज्जैनिया हुए सेवानिवृत्त



**उज्जैन।** संभागीय जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ सहायक जनसंपर्क अधिकारी संतोष कुमार उज्जैनिया मंगलवार को 36 वर्ष की सेवा के उपरांत जनसंपर्क विभाग से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर संभागीय जनसंपर्क कार्यालय में उज्जैनिया का सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। उप-संचालक अरुण कुमार राठौर ने संतोष उज्जैनिया को शॉल श्रीफल और पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान कार्यालय का समस्त स्टॉफ, पत्रकारगण और उज्जैनिया के परिवारजन उपस्थित थे। कार्यालय के स्टॉफ और उज्जैनिया के अन्य सभी शुभचिंतकों ने उन्हें बेहतरीन शासकीय सेवा के लिए बधाई दी और भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

## 1870 किसानों को मिला कृषि सिंचाई योजना का लाभ

**खरगोन।** फसलों के अधिक उत्पादन के लिए समय-समय पर सिंचाई की आवश्यकता होती है। किसानों की सिंचाई के लिए वर्षा जल पर निर्भरता कम करने एवं उन्हें अपने जरूरत के अनुसार सिंचाई की सुविधा सुलभ कराने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत ड्रीप सिंचाई के लिए अनुदान दिया जाता है। उप संचालक कृषि एमएस सोलंकी ने बताया कि बीते 01 वर्ष में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत खरगोन जिले के 1870 किसानों को स्प्रींकलर एवं ड्रीप सिंचाई के लिए 06 करोड़ 14 लाख 57 हजार रुपए का अनुदान दिया गया है। इससे जिले के कृषि उत्पादन को बढ़ाने में मदद मिल रही है और किसानों की आर्थिक स्थिति भी बेहतर हो रही है। उप संचालक सोलंकी ने बताया कि बीते 01 वर्ष में राष्ट्रीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना के अंतर्गत जिले के किसानों को दलहनी, मोटा अनाज एवं व्यवसायिक फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए फसल प्रदर्शन, बीज वितरण, बीज उत्पादन एवं प्रशिक्षण का लाभ दिया गया है। गया है। कृषि में यंत्रों के उपयोग को प्रोत्साहित करने एवं किसानों की मजदूरों पर निर्भरता कम करने के लिए कृषि विभाग द्वारा किसानों को कृषि उपकरणों पर अनुदान दिया जाता है। इस कार्ड से किसानों को अपने खेत की मिट्टी में मौजूद मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के वास्तविक मात्रा का पता चल जाता है और उसी के अनुरूप वे फसलों में उर्वरक का उपयोग कर सकते हैं।

## नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी का आज महेश्वर आगमन

**खरगोन।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी का आज महेश्वर आगमन हो रहा है। राज्य मंत्री बागरी आज धार जिले के मांडू से प्रस्थान करेगी और फिर महेश्वर पहुंचेंगी। महेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात दोपहर 3 बजे महेश्वर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेगी और रात्रि 08 बजे भोपाल पहुंचेंगी।

# अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध 'ऑपरेशन प्रहार'

## देवास थाना सिविल लाईन पुलिस ने नागुखेड़ी बायपास पर गांजा तस्करी करते 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार,36 किलो 875 ग्राम गांजा एवं चार पहिया वाहन सहित कुल 12 लाख रुपए का मश्रुका जब्त

देवास • सिंघम रिपोर्टर

प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशानुरूप डीजीपी मध्यप्रदेश कैलाश मकवाना द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु प्रदेश स्तरीय अभियान प्रारंभ किया गया है । इस हेतु एडीजी उज्जैन जोन उमेश जोगा एवं डीआईजी उज्जैन रेंज नवनीत भसीन द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त समस्त अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में समस्त जिलो को निर्देशित किया गया था।

उक्त अनुक्रम में जिला देवास में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा ऑपरेशन प्रहार की शुरुआत की गई,जिसके तहत लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त कुख्यात अपराधियों की जानकारी प्राप्त कर दिनांक 15 नवंबर से लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । इसी तारतम्य में दिनांक 29 दिसम्बर 2024 को थाना सिविल लाईन पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की स्विफ्ट डियाजर वाहन क्रमांक त्छ्ठ06छ्ल्6276 से कुछ लोग अवैध रुप से गाँजे का परिवहन कर उज्जैन से भोपाल बायपास की ओर जा रहे है । सूचना पर से तत्काल पुलिस अधीक्षक देवास द्वारा आरोपियो की धड़पकड़ हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक देवास दीशेष अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी सिविल लाईन दीपक यादव के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर ग्राम नागुखेड़ी बायपास पर जिगजेग पैटर्न में वाहन चैकिंग लगाई गई । मुखबिर द्वारा बताए अनुसार सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर वाहन क्रमांक जीजे06जेएम6276 को रूकवाया गया । जिसमें 05 लोग सवार थे। वाहन की चैंकिंग करने पर उसकी डिग्गी में से 36 किलो 875 ग्राम गांजा कीमत लगभग 04 लाख रूपए,एक स्विफ्ट कार कीमत लगभग 06 लाख रूपए,नगदी 01 लाख 50 हजार रूपए,03 मोबाईल फोन कीमत 50,000 रुपए कुल मश्रुका 12 लाख रूपए जप्त कर आरोपियो के विरूद्ध थाना सिविल में अपराध क्रमांक 770/2024 धारा 8/20 एनपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



**अब तक कुल 473 किलो 875 ग्राम मादक पदार्थ कीमती 47 लाख 30 हजार रुपए जब्त कर 15 आरोपियों को किया गिरफ्तार**

**गिरफ्तार आरोपी-** जवान सिंह पिता धान सिंह गुर्जर उम्र 40 साल निवासी ग्राम आवाड़ा जिला डांग गुजरात, आनन्द सिंह पिता धनसिंह राठौड़ उम्र 48 साल निवासी ग्राम आवाड़ा जिला डांग गुजरात, नासिर पिता आबिद पठान उम्र 40 साल निवासी मोहसीनपुरा देवास, नीला पति धीरू राठौड़ उम्र 38 साल निवासी ग्राम आवाड़ा जिला डांग गुजरात, रोशनी पिता आनन्द सिंह राठौड़ उम्र 23 साल निवासी ग्राम आवाड़ा जिला डांग गुजरात।

उल्लेखनीय है कि मादक पदार्थों के विरुद्ध जारी प्रदेश स्तरीय अभियान में देवास पुलिस की यह विगत डेढ़ माह में लगातार चौथी बड़ी कार्यवाही है । इससे पूर्व देवास पुलिस द्वारा डेढ़ माह के भीतर 27 स्थानों पर 300 पुलिसकर्मीयों की एक साथ दबिश देकर 43 लाख 30 हजार रुपए का 437 किलो अवैध मादक पदार्थ- गाँजा जप्त कर कुल 10 कुख्यात तस्करों को गिरफ़्तार किया था। इस प्रकार देवास पुलिस द्वारा डेढ़ माह के भीतर 28 स्थानों पर दबिश देकर अब तक कुल 473 किलो 875 ग्राम गाँजा क़ीमती 47 लाख 30 हजार रुपए जप्त करते हुवे कुल 15 आरोपियों को गिरफ़्तार किया जा चुका है। पुलिस कप्तान ने बताया कि उक्त दोनों आरोपियों की पुलिस रिमांड न्यायालय से प्राप्त की जा रही है और मादक पदार्थ तस्करी के फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेज पता किए जाएँगे ताकि मादक पदार्थ को ख़रीदने वाले,बेचने वाले,ट्रांसपोर्ट करने वाले एवं सेवन करने वाले सभी अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा सके। देवास पुलिस का मादक पदार्थों के विरुद्ध ऑपरेशन प्रहार आगामी दिनों में भी जारी रहेगा।

## 3 जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन

**खरगोन।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 03 जनवरी को प्रातः 11 से दोप. 3.00 बजे तक शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय,उमरखली रोड, खरगान में रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाने के लिए युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। स्वरोजगार के लिए ऋण प्रदाता शासकीय विभागों द्वारा भी युवाओं को जानकारी प्रदान की जावेगी। युवा संगम में तकनीकी योग्यताधारी युवाओं के लिए भी कम्पनियों द्वारा भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी प्रीतिबाला सस्ते ने बताया कि युवा संगम में 8वीं से स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई उत्तीर्ण युवक जिनकी उम्र 18 से 30 वर्ष हो, वे अपनी शैक्षणिक योग्यताओं की अंकसूचियां, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी, जाति एवं मूल निवासी के प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियां तथा अपने पासपोर्ट साइज के दो फोटो लेकर युवा संगम में उपस्थित होकर लाभ उठा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नम्बर 07282-232787 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# चायना डोर का क्रय-विक्रय और उपयोग करने वालों की धरपकड़



## उज्जैन पुलिस ने हरिफाटक ब्रिज क्षेत्र एक आरोपी को किया गिरफ्तार

उज्जैन • सिंघम रिपोर्टर

आरोपी से प्रतिबंधित चायना डोर का नौ गट्टा किया बरामद श्रीमान जिला दण्डाधिकारी महोदय जिला उज्जैन द्वारा चायना डोर के क्रय विक्रय एवम् अवैध रूप से चायना डोर को संग्रहित करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक उज्जैन प्रदीप शर्मा द्वारा शहर/देहात क्षेत्र के समस्त थाना प्रभारीगण को दुकानों पर आकस्मिक रूप से चैकिंग कर प्रतिबंधित चायना डोर को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध विधिवत रूप से कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में थाना प्रभारी नीलगंगा तरुण कुरील के नेतृत्व में टीम द्वारा हरिफ़ाटक के पास एक आरोपी को मय प्रतिबंधित चायना डोर के नौ गट्टे को जप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 31.12.2024 को थाना नीलगंगा पर मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की हरिफाटक ब्रिज के पास बने चबूतरे पर एक व्यक्ति पतंग उड़ाने वाले को प्रतिबंधित चायना डोर विक्रय करने के लिए खड़ा है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारीगण को सूचित कर आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त किए गए एवं गठित टीम मुखबिर के बताए स्थान हरिफाटक ब्रिज के पास पहुंची जहां मुखबिर के बताए हुलिए अनुसार एक व्यक्ति हाथ में थैली लिए खड़ा मिला, थैली चैक करते उसमे प्रतिबंधित चायना डोर का नौ गट्टे पाया गया। जिस पर से आरोपी के विरुद्ध थाना नीलगंगा पर अपराध क्रमांक 561/24 धारा 223 बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर प्रतिबंधित चायना डोर का नौ गट्टे को जप्त कर विधिवत रूप से कार्यवाही की गई। प्रतिबंधित चायना डोर का नौ गट्टा आरोपी से जब्त किया गया। निरीक्षक तरुण कुरील थाना प्रभारी नीलगंगा, उपनिरीक्षक भूपेंद्र चौहान, आरक्षक 448 दीपक दिनकर, आरक्षक 1200 अंकित चौहान, आरक्षक 739 महेंद्र, आरक्षक 1926 लोकेश प्रजापति एवं उपस्थित बल की विशेष भूमिका रही।



# मटर तोड़ने गए मजदूर मौत से हो गया सामना तीन लोगों ने जीवन को किया अलविदा

## पिकअप पलटी, 3 की मौत 14 घायल, उज्जैन और महिदपुर के अस्पताल में चल रहा घायलों का इलाज

उज्जैन • सिंघम रिपोर्टर

उज्जैन से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित महिदपुर तहसील में एक भयावह दुर्घटना घटित हो गई जिसमें एक पिकअप वाहन के पलटी खाने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 14 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची लेकिन तब तक ग्रामीणों ने पिकअप के नीचे दबे मजदूरो को जेसीबी के माध्यम से पिकअप हटाकर बाहर निकाल लिया था जिन्हें तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है।

बताया जाता है कि पिकअप क्रमांक यूपी बीटी 4134 में सवार होकर 24 मजदूर महिदपुर तहसील से मटर तोड़ने के लिए रतलाम जा रहे थे कि तभी डेलची गांव में सुबह करीब 8.30 बजे स्पीड तेज होने के चलते पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे ऊतरकर पलटी खा गया। जिससे काफी मजदूर इस पिकअप के नीचे दब गए यह तो गनीमत रही कि जल्द से जल्द क्षेत्र के लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मजदूरों को बचाने के प्रयास शुरू कर दिए और जेसीबी के माध्यम से पिकअप को सीधा करवाने के साथ ही यहां फंसे मजदूरों को अस्पताल भिजवाने में मदद भी की।

# महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा सेवा निवृत्त कर्मचारी का किया सम्मान

उज्जैन • सिंघम रिपोर्टर

महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति प्रबंध समिति में लगभग 300 कर्मचारी विभिन्न इकाईयों में कार्यरत है। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अन्तर्गत कार्यरत काउंटर कर्मचारी जे.आर.आर्य को कार्यालयीन अभिलेख अनुसार माह दिसम्बर 2024 में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर लेने के कारण आज दोपहर के बाद सेवानृवित्त किया गया। जेआर आर्य द्वारा महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिह्य ठाकुर, अभिषेक उपाध्याय आदि उपस्थित थे।



# नव वर्ष नव उमंग जीवन का नव प्रवाह



नववर्ष का आगमन हो चुका है। यह जीवन के नए लक्ष्यों के बारे में सोचने और उसे पाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने के लिए परफेक्ट है। नए साल के अवसर पर नई उम्मीदें और नया उमंग होता है। नए साल के अवसर पर आप बीते दिनों को भूलकर नई शुरुआत कर सकते हैं। नए साल का हर एक दिन आपको अपने लक्ष्य के लिए प्रेरित करे, इसके लिए आपको स्वयं को मोटिवेट करना होगा। नए संदेश, विचार, कथन और सच्ची घटनाएं आपको अपने लक्ष्य के लिए प्रेरित करेंगी। 1 जनवरी को मनाया जाने वाला नया साल दरअसल ग्रेगोरियन कैलेंडर पर आधारित है जिसकी शुरुआत रोमन कैलेंडर से हुई। हालांकि पारंपरिक रोमन कैलेंडर का नववर्ष 1 मार्च से शुरू होता है। दुनिया भर में आज जो कैलेंडर प्रचलित है, उसे पोप ग्रेगोरी अष्टम ने 1582 में तैयार किया था। ग्रेगोरी ने इसमें लीप ईयर का प्रावधान किया था। ईसाइयों का एक अन्य पंथ 'ईस्टर्न आर्थोडॉक्स चर्च' तथा इसके अनुयायी ग्रेगोरियन कैलेंडर को मान्यता न देकर पारंपरिक रोमन कैलेंडर को ही मानते हैं। इस कैलेंडर के अनुसार नया साल 14 जनवरी को मनाया जाता है। इस कैलेंडर के अनुसार जॉर्जिया, रूस, यरूशलम, सर्बिया आदि में 14 जनवरी को नया साल मनाया जाता है।

### इन जगहों का खास है नया साल

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड देश दुनिया के उन चंद देशों में से एक हैं जहां नव वर्ष सबसे पहले दस्तक देता है। इस दौरान इन देशों में जबर्दस्त आतिशबाजी की जाती है। आस्ट्रेलिया का सिडनी शहर तो आतिशबाजी से जगमगा उठता है। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के अलावा नव वर्ष के अवसर पर हांगकांग, जकार्ता, बीजिंग और जापान की राजधानी टोक्यो का प्रिंस पार्क भी रोशनी में नहा लेता है।

**मानव** इतिहास की सबसे पुरानी पर्व परम्पराओं में से एक नववर्ष है। नववर्ष के आरम्भ का स्वागत करने की मानव प्रवृत्ति उस आनन्द की अनुभूति से जुड़ी हुई है जो बारिश की पहली फुहार के स्पर्श पर, प्रथम पल्लव के जन्म पर, नव प्रभात के स्वागतार्थ पक्षी के प्रथम गान पर या फिर हिम शैल से जन्मी नन्हीं जलधारा की संगीत तरंगों से प्रस्फुटित होती है। विभिन्न विश्व संस्कृतियां इसे अपनी-अपनी कैलेण्डर प्रणाली के अनुसार मनाती हैं। वस्तुतः मानवीय सभ्यता के आरम्भ से ही मनुष्य ऐसे क्षणों की खोज करता रहा है, जहां वह सभी दुख, कष्ट व जीवन के तनाव को भूल सके। इसी के तदनुरुप क्षितिज पर उत्सवों और त्यौहारों की बहुरंगी झांकियां चलती रहती हैं।

इतिहास के गर्त में झांकें तो प्राचीन बेबिलोनियन लोग अनुमानतः 4000 वर्ष पूर्व से ही नववर्ष मनाते रहे हैं, उस समय नव वर्ष का ये त्योहार 21 मार्च को मनाया जाता था जो कि वसंत के आगमन की तिथि भी मानी जाती थी। प्राचीन रोमन कैलेंडर में मात्र 10 माह होते थे और वर्ष का शुभारंभ 1 मार्च से होता था। बहुत समय बाद 713 ई.पू. के करीब इसमें जनवरी तथा फरवरी माह जोड़े गए। सर्वप्रथम 153 ई.पू. में 1 जनवरी को वर्ष का शुभारंभ माना गया एवं 45 ई.पू. में जब रोम के तानाशाह जूलियस सीजर द्वारा जूलियन कैलेण्डर का शुभारंभ हुआ, तो यह सिलसिला बरकरार रहा। ऐसा करने के लिए जूलियस सीजर को पिछला साल, यानि, ईसा पूर्व 46 ई. को 445 दिनों का करना पड़ा था। 1 जनवरी को नववर्ष मनाने का चलन 1582 ई. के ग्रेगेरियन कैलेंडर के आरंभ के बाद ही बहुतायत में हुआ। दुनिया भर में प्रचलित ग्रेगेरियन कैलेंडर को पोप ग्रेगरी अष्टम ने 1582 में तैयार किया था। ग्रेगरी ने इसमें लीप ईयर का प्रावधान भी किया था। ईसाईयों का एक अन्य पंथ ईस्टर्न आर्थोडॉक्स चर्च रोमन कैलेंडर को मानता है। इस कैलेंडर के अनुसार नया साल 14 जनवरी को मनाया जाता है। यही वजह है कि आर्थोडॉक्स चर्च को मानने वाले देशों रुस, जार्जिया, येरुशलम और सर्बिया में नया साल 14 जनवरी को मनाया जाता है। आज विभिन्न विश्व संस्कृतियां नव वर्ष अपनी-अपनी कैलेंडर प्रणाली के अनुसार मनाती हैं। हिब्रू मान्यताओं के अनुसार भगवान द्वारा विश्व को बनाने में सात दिन लगे थे। इस सात दिन के संधान के बाद नया वर्ष मनाया जाता है। यह दिन ग्रेगेरियन कैलेण्डर के मुताबिक 5 सितम्बर से 5 अक्टूबर के बीच आता है। इसी तरह इस्लाम के कैलेंडर को हिजरी साल कहते हैं। इसका नव वर्ष मोहर्रम माह के पहले दिन होता है। इस्लामी कैलेंडर एक पूर्णतया चन्द्र आधारित कैलेंडर है, जिसके कारण इसके बारह मासों का चक्र 33 वर्षों में सौर कैलेंडर को एक बार घूम लेता है। इसके कारण नर्व वर्ष प्रचलित ग्रेगेरियन कैलेण्डर में अलग-अलग महीनों में पड़ता है। चीन का भी कैलेंडर चंद्र गणना पर आधारित है। चीनी कैलेंडर के अनुसार प्रथम मास का प्रथम चंद्र दिवस नव वर्ष के रूप में मनाया जाता है। यह प्रायः 21 जनवरी से 21 फरवरी के बीच पड़ता है।




भारत के भी विभिन्न हिस्सों में नव वर्ष अलग-अलग तिथियों को मनाया जाता है। भारत में नव वर्ष का शुभारंभ वर्षा का संदेशा देते मेघ, सूर्य और चंद्र की चाल, पौराणिक गाथाओं और इन सबसे ऊपर खेतों में लहलहाती फसलों के पकने के आधार पर किया जाता है। इसे बदलते मौसमों का रंगमंच कहें या परम्पराओं का इंद्रधनुष या फिर भाषाओं और परिधानों की रंग-बिरंगी माला, भारतीय संस्कृति ने दुनिया भर की विविधताओं को संजो रखा है। असम में नववर्ष बीहू के रुप में मनाया जाता है, केरल में पूरम विशु के रूप में, तमिलनाडु में पुत्थांडु के रूप में, आंध्र प्रदेश में उगादी के रूप में, महाराष्ट्र में गुड़ीपड़वा के रूप में तो बांग्ला नववर्ष का शुभारंभ वैशाख की प्रथम तिथि से होता है।

भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां लगभग सभी जगह नववर्ष मार्च या अप्रैल माह अर्थात चैत्र या बैसाख के महीनों में मनाए जाते हैं। पंजाब में नव वर्ष बैशाखी नाम से 13 अप्रैल को मनाई जाती है। सिख नानकशाही कैलेंडर के अनुसार 14 मार्च होला मोहल्ला नया साल होता है। इसी तिथि के आसपास बंगाली तथा तमिल नव वर्ष भी आता है। तेलगू नव वर्ष मार्च-अप्रैल के बीच आता है। आंध्र प्रदेश में इसे उगादी (युगादि=युग आदि का अपभ्रंश) के रूप में मनाते हैं। यह चैत्र महीने का पहला दिन होता है। तमिल नव वर्ष विशु 13 या 14 अप्रैल को तमिलनाडु और केरल में मनाया जाता है। तमिलनाडु में पोंगल 15 जनवरी को नव वर्ष के रूप में आधिकारिक तौर पर भी मनाया जाता है। कश्मीरी कैलेंडर नवरेह 19 मार्च को आरंभ होता है। महाराष्ट्र में गुडी पड़वा के रूप में मार्च-अप्रैल के महीने में मनाया जाता है, कन्नड़ नव वर्ष उगाडी कर्नाटक के लोग चैत्र माह के पहले दिन को मनाते हैं, सिंधी उत्सव चेटी चंड, उगाड़ी और गुडी पड़वा एक ही दिन मनाया जाता है। मदुरै में चित्रैय महीने में चित्रैय तिरुविजा नव वर्ष के रूप में मनाया जाता है। मारवाड़ी और गुजराती नव वर्ष दीपावली के दिन होता है, जो अक्टूबर या नवंबर में आती है। बंगाली नव वर्ष पोहेला बैसाखी 14 या 15 अप्रैल को आता है। पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में इसी दिन नव वर्ष होता है। वस्तुतः भारत वर्ष में वर्षा ऋतु की समाप्ति पर जब मेघमालाओं की विदाई होती है और तालाब व नदियाँ जल से लबालब भर उठते हैं तब ग्रामीणों और किसानों में उम्मीद और उल्लास तरंगित हो उठता है। फिर सारा देश उत्सवों की फुलवारी पर नववर्ष की बाट देखता है। इसके अलावा भारत में विक्रम संवत, शक संवत, बौद्ध और जैन संवत, तेलगु संवत भी प्रचलित हैं, इनमें हर एक का अपना नया साल होता है। देश में सर्वाधिक प्रचलित विक्रम और शक संवत हैं। विक्रम संवत को सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को पराजित करने की खुशी में 57 ईसा पूर्व शुरू किया था।

नववर्ष आज पूरे विश्व में एक समृद्धशाली पर्व का रूप अख्तियार कर चुका है। इस पर्व पर पूजा-अर्चना के अलावा उल्लास और उमंग से भरकर परिजनों व मित्रों से मुलाकात कर उन्हें बधाई देने की परम्परा दुनिया भर में है। अब हर मौके पर ग्रीटिंग कार्ड भेजने का चलन एक स्वस्थ परंपरा बन गई है, पर पहला ग्रीटिंग कार्ड भेजा था 1843 में हेनरी कोल ने। हेनरी कोल द्वारा उस समय भेजे गए 10,000 कार्ड में से अब महज 20 ही बचे हैं। आज तमाम संस्थाएं इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करती हैं और लोग दोगुने जोश के साथ नववर्ष में प्रवेश करते हैं। पर इस उल्लास के बीच ही यही समय होता है जब हम जीवन में कुछ अच्छा करने का संकल्प लें, सामाजिक बुराइयों को दूर करने हेतु दृढ़ संकल्प लें और मानवता की राह में कुछ अच्छे कदम और बढ़ाएं।

## मूलांक से जानें, आपके लिए कैसा रहेगा नया साल

जन्म तिथि का हमारे जीवन पर काफी प्रभाव पड़ता है। इसे मूलांक भी कहा जाता है। आइए अंक ज्योतिष राशिफल 2025 से जानते हैं कि अगला साल किन लोगों के लिए शुभ रहेगा और किन लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।

**मूलांक 1- 1, 10, 19, 28** तारीख को जन्मे लोगों का मूलांक 1 होता है। यह वर्ष मूलांक 1 वालों के लिए सामान्य रहने वाला है। वर्ष की शुरुआत से ही आपको अपने अंदर एक नई ऊर्जा का एहसास होगा। कार्य क्षेत्र में आप खूब मेहनत करेंगे और आपकी ये मेहनत जल्द रंग लाएगी।

**मूलांक 2- 2, 11, 20, 29** तारीख को जन्मे लोगों का मूलांक 2 होगा। नया साल मूलांक 2 में जन्मे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। इस साल आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। छात्रों को उच्च शिक्षा हासिल करने में सफलता मिलेगी। इस साल आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे और कार्यक्षेत्र में सफलता हासिल करेंगे।

**मूलांक 3- 3, 12, 21, 30** तारीख को जन्मे व्यक्ति का मूलांक 3 होता है। मूलांक 3 वालों के लिए यह वर्ष सामान्य रहने वाला है। इस साल आपके कुछ जरूरी कार्यों में रुकावट आ सकती है। आप आध्यात्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। छात्र इस साल शुरूआत से ही मेहनत करेंगे। प्रतियोगिता परीक्षा में सफल होने की पूरी संभावनाएं बनेंगी। प्रेम संबंधों के लिए यह साल सामान्य रहने वाला है।

**मूलांक 4- 4, 13, 22, 31** तारीख को जन्मे लोगों का मूलांक 4 होता है। इस साल आपकी ईमानदारी काम आएगी। आपकी लगनशीलता आपको इस साल सफलता दिलाएगी। आप की बहुत सारी इच्छाएं इस साल पूरी हो जाएंगी और आप खुशी का अनुभव करेंगे। नए साल में आपकी लव लाइफ आगे बढ़ेगी। यह साल प्यार से भरा रहेगा। विद्यार्थियों के लिए साल की शुरुआत अच्छी रहेगी।

**मूलांक 5- 5, 14, 23** तारीख को जन्मे व्यक्ति का मूलांक 5 होता है। मूलांक 5 वाले लोगों को इस साल का पूरा लाभ उठाने की कोशिश करनी चाहिए। इस साल आपकी सेहत अच्छी रहेगी और आप पूरी मेहनत से चुनौतियों का सामना करेंगे। इस साल छात्रों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। इस साल आपको मेहनत का फल मिलेगा।

**मूलांक 6- 6, 15, 24** तारीख को जन्मे व्यक्ति का मूलांक 6 होता है। अंक ज्योतिष के अनुसार यह वर्ष आपके लिए उत्तम परिणाम देने वाला साबित होगा। इस पूरे साल आप अपने प्रियतम को प्रसन्न रखने की कोशिश करेंगे। किसी लंबी यात्रा पर जानेंगे योग बनेंगे। विद्यार्थियों के लिए साल 2021 काफी अच्छा रहने वाला है। इस साल आप पढ़ाई में पूरी तरह मन लगाएंगे। आपको मेहनत के बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। साल की शुरूआत पारिवारिक जीवन के लिए अच्छी रहेगी।

**मूलांक 7- 7, 16, 25** तिथि को जन्मे लोगों का मूलांक 7 होता है। मूलांक 7 वाले लोगों के लिए साल उन्नतिशील रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और आपकी आमदनी बढ़ेगी। धन की प्रबलता से आप अपनी कई इच्छाओं को इस साल पूरा करने में सफल रहेंगे। छात्रों को इस साल पढ़ाई पर बहुत ध्यान देने की जरूरत है। मेहनत से ही आपको सफलता का परिणाम मिलेगा, इसलिए खूब मेहनत करें। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। शादीशुदा लोगों को कुछ तनाव का सामना करना पड़ सकता है।



## पाना चाहते हैं कामयाबी, तो नए साल पर लें संकल्प

**नए** साल के मौके पर जहां लोग जश्न मनाने की प्लानिंग कर रहे होंगे, वहीं दूसरी ओर कई लोग नए साल के मौके पर अपने कॅरियर को लेकर प्लानिंग कर रहे होंगे। नए साल में आपने भी अपने कॅरियर को लेकर बहुत कुछ प्लान किया होगा, लेकिन आप अपने प्लान में तभी सफल हो पाएंगे, जब आप उसके लिए कड़ी मेहनत करेंगे। इसके लिए जरूरी है नए साल में कुछ नए रिजॉल्यूशन लेना और उन पर अमल करना। अगर आप भी अपने कॅरियर को लेकर गंभीर है तो नए साल पर आप पहला संकल्प अपने कॅरियर को लेकर ही होना चाहिए। आप नए साल पर संकल्प लेकर अपने कॅरियर को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। वैसे तो लोग नए साल पर अपनी कुछ आदतों को बदलने का संकल्प लेते हैं तो कोई अच्छे नंबर लाने के लिए संकल्प करता है, लेकिन इन सबके अलावा आप अपने कॅरियर को लेकर भी संकल्प ले सकते हैं। आप भविष्य में क्या करना चाहते हैं या फिर क्या बनना चाहते हैं इसको लेकर आप संकल्प ले सकते हैं।

- **मकसद जानें:** अगर आप नौकरी कर रहे हैं तो आप सबसे पहले नौकरी करने का मकसद जानें। सैलरी पाने के लिए नौकरी करनी है, इस बात को दिमाग से निकाल दें। नौकरी करने में अपना लक्ष्य तय करेंगे, तभी आपको अपना लक्ष्य हासिल हो सकेगा। आप कहां पहुंचना चाहते हैं, इसका जवाब आपके पास होना बहुत जरूरी है।
- **प्लानिंग करें:** कॅरियर में आजकल हर कोई ही ऊचाइयां छूना चाहता है। इस चुनौती भरे समय में कॅरियर प्लानिंग पर बहुत अहम हो जाता है। आप अपने कॅरियर को लेकर नए साल के मौके पर इस बात का संकल्प ले सकते हैं कि आप आने वाले साल में कॅरियर में जो आप चाहते हैं आप उसे हासिल करेंगे।
- **खुशी से करें काम:** कई बार आप के साथ भी ऐसा हुआ होगा कि जब नौकरी नहीं मिलती या फिर हमारी मनचाही सैलरी नहीं मिलती तो काम करने का मन कम हो जाता है, लेकिन ये आपकी गलती है कि आप अपने ही काम को बिना मन लगाए करते हैं। आप नए साल के अवसर पर संकल्प लें कि आप अपनी नौकरी में काम पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे, जिससे आपको बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। कई बार सैलरी की चाहत पूरी नहीं होने की वजह से ऐसा देखा जाता है कि काम में मन नहीं लगता, लेकिन आप ये सोचें कि अगर आपको काम अच्छी तरह से आ गया तो आपको सैलरी तो भविष्य में भी मिल जाएगी, लेकिन काम सीखने का मौका हर बार नहीं आता।
- **जबरदस्ती नौकरी न करें:** कई लोग किसी मजबूरी या फिर किसी के कहने पर नौकरी करते हैं या फिर किसी नौकरी की तैयारी करते हैं, लेकिन आप नए साल के इस मौके पर अपनी मनचाही यानी जिस भी क्षेत्र में आप काम करना चाहते हैं आप उस क्षेत्र में नौकरी पाने का संकल्प करें। कोशिश करें की आप वहां काम ना करें जहां आपका मन ना हो। इससे आपका समय भी खराब होता है साथ ही आप वो चीज करते हैं, जिसमें आपका मन भी आपका साथ नहीं देता। बस ऐसी नौकरी आप किसी के कहने पर करते हैं या फिर मजबूरी में। आप कड़ी मेहनत के साथ अपने पसंद का काम करें आपको कामयाबी जरूर मिलेगी।

## नए साल के रेजोल्यूशन, जो कॅरियर व व्यक्तित्व विकास में होंगे कारगर

**नववर्ष** 2025 का आगाज हो चुका है। पिछला साल 2024 हमारे लिए खट्टे-मीठे अनुभवों से भरा रहा। पिछले वर्ष में आप ने स्वयं के विकास के लिए कई कार्य किए होंगे, जिससे आपका व्यक्तित्व और करियर पहले से बेहतर हुआ। अब समय है पिछले साल की अपनी उपलब्धियों और गलतियों का आंकलन करने का और नए साल के लिए नए संकल्प और लक्ष्य निर्धारित करने का। पिछला वर्ष आपका जैसा भी बीता हो, उसे भूल जाएं। कहा भी गया है कि बीती ताहि बिसार दे आगे की सुधि लेय। अब आप नए वर्ष 2025 को ध्यान में रखते हुए अपने संकल्प लें, जिसे आप पूरा कर सकें।

हम सब नव वर्ष के उत्साह में अपने लिए कुछ असंभव जैसे संकल्प ले लेते हैं, जो पहले सप्ताह या माह में ही टूट जाते हैं। फिर हमारी जिंदगी पुराने ढर्रे पर चलने लगती है, इसलिए आप वो ही संकल्प लें, जिसे पूरा करना संभव हो। साथ ही आप अपने संकल्पों के प्रति ईमानदार हों। यदि आप अपने संकल्पों को पूरा करते हैं, तो वर्ष के अंत में उसके चौंकाने वाले परिणाम मिलेंगे। आइए जानते हैं नए साल के टॉप 10 रेजोल्यूशन के बारे में




- **बदलाव के लिए तैयार:** नए वर्ष में आप स्वयं को बदलाव के लिए तैयार रखें। यदि आप अपने अंदर अच्छे बदलाव के लिए तैयार नहीं होंगे तो फिर आप स्वयं को समय के साथ अपडेट नहीं रख पाएंगे। आप दूसरों से पिछड़ जाएंगे। आप स्वयं को मानसिक और शारीरिक तौर पर बदलाव के लिए तैयार करें। य?ह बदलाव आपकी आदतों, सोच, काम के तरीके आदि से जुड़ी हो सकती है।
- **स्वास्थ्यवर्धक आहार:** नए साल के अवसर पर आप स्वयं के लिए स्वास्थ्यवर्धक भोजन को प्राथमिकता देने का संकल्प ले सकते हैं। नए वर्ष में आप पिज्जा, बर्गर, केक, जंक फूड आदि से तौबा करें। घर का बना शुद्ध, ताजा एवं शाकाहारी भोजन करें। खाने में फल और हरी सब्जियों को शामिल करें। बाहर के खाने को कम से कम करें। स्वास्थ्यवर्धक भोजन से आपको संपूर्ण पोषण के साथ बेहतर सेहत भी प्राप्त होगा।
- **एक्सरसाइज, योग या प्राणायाम को दिनचर्या में शामिल करना:** नए वर्ष में आप अपने वजन को कम करने और उसे नियंत्रित रखने का संकल्प ले सकते हैं। इसके लिए आप एक्सरसाइज, योग या प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। या फिर कोई आउटडोर गेम प्रतिदिन खेलें। ऐसा करने से आपका वजन भी कम होगा और आप फिट रहेंगे।
- **कोई नई स्किल या हॉबी:** नव वर्ष में आप अपने करियर को एक नया आयाम देने के लिए या फिर आय के नए स्रोत विकसित करने के लिए कोई नई स्किल या हॉबी सीखने का संकल्प ले सकते हैं।
- **बचत की आदत डालें, कर्ज से बचें:** हम सब नए वर्ष में बचत करने का संकल्प ले सकते हैं। अपने वेतन का एक हिस्सा सेविंग के लिए रखें, जिसे आप बाद में अपनी जरूरत की वस्तुएं, वाहन आदि लेने में प्रयोग कर सकते हैं। बाद में उस बचत को आप अपने भविष्य के लिए निवेश कर सकते हैं। कर्ज लेने से बचें। कर्ज आपकी आर्थिक स्थिति के लिए नुकसानदायक हो सकती है।
- **व्यवस्थित और अनुशासित जीवन का संकल्प:** हम में से कई लोग अपने कमरे या घर को अस्त-व्यस्त रखते हैं। समय पर सामान नहीं मिलता है, तो गुस्सा होते हैं। अव्यवस्थित जीवन के कारण हम समय पर कहीं पहुंच नहीं पाते हैं, जिससे हमारी छवि खराब होती है। आप नववर्ष में व्यवस्थित और अनुशासित जीवन का संकल्प ले सकते हैं। अपने लिए भोजन, सोने, खेलने, एक्सरसाइज करने, पढ़ने आदि के लिए समय निर्धारित करके जीवन को व्यवस्थित करें और यह सब होगा अनुशासन से।
- **लक्ष्य तय करें:** इस वर्ष के लिए आप एक बड़ा लक्ष्य तय करें। उस लक्ष्य को पाने के लिए समयबद्ध तरीके से योजनाएं बनाएं। उस बड़े लक्ष्य को आप महीनों के अनुसार, छोटे-छोटे पड़ावों में बांट सकते हैं। हर माह अपने लिए निर्धारित पड़ावों को समय पर पूरा करके आप बड़े लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। लक्ष्य को पाने के लिए इच्छाशक्ति और दृढ़ निश्चय का भी होना जरूरी है।
- **धूम्रपान एवं शराब का परित्याग:** स्वयं को सेहतमंद रखने के लिए आप सबसे पहले इस वर्ष में धूम्रपान एवं शराब का परित्याग करने का संकल्प लें। ये दोनों ही आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं।

## सिंघम लेटेस्ट

### दयानंद सेवाश्रम के दयासागर आचार्य नहीं रहे



**थांदला ।** क्षेत्र मे महर्षि दयानंद सेवाश्रम के माध्यम से विगत 25 वर्ष से निस्वार्थ सेवाए देने वाले आचार्य दयासागर का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही नगरवासी हतप्रभ रह गये। मूलत: झारखंड के रहने वाले दयासागर आदिवासी अंचल मे विगत 25 वर्ष से ही कार्य रहे थे जिसमे उनके द्वारा शिक्षा तथा धर्म जागरण के क्षैत्र में कई कार्य बडे आयोजनो के रूप में किये गये। आचार्य ने पूरे क्षेत्र में लोगो को आर्य पद्धति से जोडने तथा हिन्दू धर्म के प्रसार का अभियान चला रखा था। संस्था के अध्यक्ष विश्वास सोनी ने आचार्य दयासागर के निधन को आर्य समाज की अपूरणीय क्षति बताते हुवे कहा कि आचार्य बचपन से ही आर्य समाज से जुडे हुवे थे उनकी शिक्षा दीक्षा भी आर्य समाज के गुरुकुल में हुई। आर्य समाज में कार्य करते हुवे उन्हे आचार्य की पदवी मिली थी उनकी प्रेरणा से ही संस्था का सर्वसुविधायुक्त स्कूल भवन बनकर तैयार हुआ है। संस्था उनके द्वारा स्थापित मूल्यो पर चलकर उनके उददश्यो को पूर्ण करने का प्रयास करेगी। आचार्य दयासागर की अंतिम यात्रा सेवाश्रम से प्रारंभ होकर नगर में निकली गई विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने आचार्य को पुष्प अर्पित किए। अंतिम यात्रा में आर्य समाज के काफी संख्या में अनुयायि सम्मिलित हुवे ।उनका अंतिम संस्कार संस्था के परिसर में ही किया गया। आचार्य दयासागर को केबिनेट मंत्री निर्मला भूरीया सांसद अनिता चौहान, विधायक वीरसिंह भूरीया, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनल जसंवतसिंह भाबर, नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुनील पणदा ओम भटट, कमलेश दांतला , मंडल अध्यक्ष बंटी डामर आदि सहित कई गणमान्यजनो ने श्रृद्धाजलि अर्पित की।

### डॉ रामशंकर चंचल की , अलाव कृति पर स्व प्रेमचंद सम्मान से नवाजा गया



**झाबुआ,सिंघम रिपोर्टर।** ख्यात साहित्य साधक डॉ रामशंकर चंचल की अद्भुत कृति अलाव को इंकलाब पब्लिकेशन द्वारा दिया गया अद्भुत बेहद सार्थक स्व प्रेमचंद सम्मान इस अद्भुत बेहद सार्थक उपलब्धि पर डॉ चंचल ने उस ईश्वर को प्रणाम करते हुए कहा कि मेरे जीवन का यह सुखद अहसास है आज कि मेरी कथाओं के प्रेरणा स्त्रोत मेरे गुरु स्व प्रेमचंद के नाम से मुझे सम्मान दिया गया । प्रणाम करता हूं मेरे गुरु स्व प्रेमचंद को प्रणाम करता हूं झाबुआ आदिवासी अंचल को जिसने मुझे यह सुख सुकून दिया और मुझे ऊर्जा प्रदान की है । इस अद्भुत सम्मान पर सम्पूर्ण भारत से विश्व से और झाबुआ जिले की देव भूमि से डॉ चंचल को सैकड़ों बधाई दी जा रही हैं और शुभ कामना आशीर्वाद।

### सेवानिवृत्त होने पर निरीक्षक शंकर सिंह रघुवंशी को पुलिस अधीक्षक द्वारा साल श्रीफल भेंट कर दी बधाई




**झाबुआ ।** पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा 44 वर्ष की सेवा पूर्ण कर निरीक्षक के पद से रिटायर होने पर श्री शंकर सिंह रघुवंशी को साल व श्रीफल भेंट कर उन्हें अच्छे स्वास्थ्य के लिए बधाई दी गई। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि पुलिस विभाग चुनोतियो से भरा है, विषम परिस्थितियों में 44 साल का एक लंबा कार्यकाल पूर्ण करना प्रशंसनीय है। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रेमलाल कुर्वे ने श्री शंकरसिंह रघुवंशी को कठिन परिस्थितियों में इतने लंबे समय तक देश सेवा करने पर बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान रिटायर होने पर श्री शंकर सिंह रघुवंशी ने पुलिस विभाग में अपनी सेवा के अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री पद्मविलोचन शुक्ल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रेमलाल कुर्वे, रक्षित निरीक्षक झाबुआ श्री अखिलेश राय, ऑफिस स्टाफ एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

# श्री खेड़ापति मंदिर पर आयोजित भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**नव वर्ष का स्वागत**

**सिंघम रिपोर्टर ❑ धार**





मंगलवार 31 दिसंबर की रात्रि को श्री खेड़ापति मंदिर पर रात्रि 8ः00 बजे श्री भगवान राम श्री खेड़ापति हनुमान जी की माह आरती की गई आरती के बाद भव्य सुंदरकांड का पाठ किया गया सुंदरकांड के पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं पहुंचे सुंदरकांड पाठ के बाद भव्य भंडारा प्रसादी का आयोजन भी रखा गया था ।

मंदिर के पुजारी जी संजय मिश्र हर्षित मिश्र ने बताया कि हम युवाओं को यह संदेश देना चाहेंगे जो श्री राम जी की भक्ति में आनंद है वह आनंद और कहीं नहीं पिछले कई वर्षों से 31 दिसंबर को साल का आखिरी दिन नया वर्ष के स्वागत में बाबा के चरणों में सुंदरकांड का एवं भजनों से आने वाले साल का स्वागत करते हैं ।

जिससे हम सब पर बाबा की कृपा बनी रहती है और उनकी भक्ति से एक अलग ही आनंद मिलता है ।

पंडित जी ने कहा कि श्री राम जी की भक्ति करने वाले का हर दिन नववर्ष के समान है सुंदरकांड का भव्य आयोजन करते आ रहे हैं श्री खेड़ापति हनुमान जी महाराज का अति प्राचीन मंदिर है इस मंदिर से हजारों लोगों की आस्था जुड़ी है इस मंदिर में बाबा दक्षिण मुखी में विराज माने है होने से इसकी मान्यता और बढ़ जाती है जो भी भक्तों अपनी मन्नत लेकर आता है बाबा उसे शीघ्र पूरी करते हैं।

# राष्ट्रीय गौरव का क्षणः गणतंत्र दिवस परेड में झाबुआ जिले की आशा कार्यकर्ता श्रीमती कविता डामोर का चयन

**सिंघम रिपोर्टर ❑ थादला/काकनवानी**



जिले के पीएचसी काकनवानी ग्राम बालवासा की आशा कार्यकर्ता श्रीमती कविता जीनू डामोर ने अपने उत्कृष्ट कार्य और सेवाभावना के बल पर गणतंत्र दिवस परेड 2025 दर्शक के रूप में भाग लेने का सम्मान प्राप्त किया है। उनके साथ उनके पति जीनू डामोर भी इस ऐतिहासिक आयोजन में प्रत्यक्षदर्शी होकर शामिल होंगे। यह न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम है, बल्कि जिले और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सेक्टर काकनवानी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोबान बबेरिया, डॉ. अनिल राठौर, डॉ. पंकज खतेडिया, सेक्टर सुपरवाइजर प्रवीण धमानिया, एलएचवी जानी कटारा, सी एच ओ सुश्री बसंती सिंगाड़िया ए एन एम श्रीमती संतोषी नाइक,आशा सहयोगिनी श्रीमति रेखा डामोर, सीबीएमओ डॉ. बी. एस. डावर, बीपीएम जॉन खराड़ी, और बीसीएम कालुसिंह परमार ने उन्हें शुभकामनाएँ दी हैं। इसके साथ ही, जनपद अध्यक्ष श्रीमती पोनी जालम डामोर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मन्नू मलसिंह डामोर, एडवोकेट पिंटू डामोर, और अन्य प्रबुद्धजनों एवं नागरिकों ने भी उनकी सराहना की।

**विशेष उपलब्धिः**

**राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन:** गौरतलब है कि पीएचसी काकनवानी ने हाल ही में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एन.क्यू. ए.एस.) के तहत राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणन प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त, कायाकल्प कार्यक्रम में भी पीएचसी ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जिसने क्षेत्र को विशिष्ट पहचान दिलाई है।

**सफलता की प्रेरणा :** श्रीमती कविता जीनू डामोर के चयन पर सीएमएचओ झाबुआ डॉ. बी. एस. बघेल, डीपीएम राजाराम खन्ना, और डीसीएम मुकेश कुमार के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त की । इस अवसर पर सेक्टर सुपरवाइजर प्रवीण धमानिया ने कहा, 卐यह उपलब्धि न केवल सेक्टर काकनवानी अपितु झाबुआ जिले की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करती है, जिससे सभी स्वास्थ्य कर्मियों और आशा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

**आशा संगठन थांदला का स्वाभिमान:** आशा संगठन की अध्यक्ष श्रीमती साधना दिनेश डामोर ने कहा, 卐श्रीमती कविता डामोर का चयन यह दर्शाता है कि कैसे समर्पण और सेवा भावना बड़ी उपलब्धियों का आधार बन सकते हैं। यह पूरे झाबुआ जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है।

**राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक:** गणतंत्र दिवस परेड में सेक्टर काकनवानी, ब्लॉक थांदला, झाबुआ जिले की आशा कार्यकर्ता का चयन क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। यह उपलब्धि न केवल पीएचसी काकनवानी, बल्कि पूरे झाबुआ जिले को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाली प्रेरक कहानी है।

## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, धार (म.प्र.)

क्रमांक/8713/2024 धार, दिनांक 08/10/25

*// जाहिर सूचना //*

वाहन क्रमांक **MP11AE 4570** वाहन का प्रकार ट्रैक्टर वाहन स्वामी का नाम श्री नानुराम पिता श्री कैशवजी निवासी नर्मदा नगर कुक्षी धार,जिला-धार म.प्र. का होकर वाहन स्वामी स्वर्गलोक दिनांक 14/02/2024 को हो चुकी है तथा तथा इसकी वारिस धर्मपत्नी श्रीमति भवती बाई पति स्व. नानुराम जी निवासी नर्मदा नगर कुक्षी धार,जिला-धार म.प्र. द्वारा उक्त वाहन के स्वामित्व अन्तरण हेतु परिवहन कार्यालय धार में निर्धारित प्रारूप 31 में आवेदन प्रस्तुत कर परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा शपथ-पत्र पर सहमति प्रस्तुत कर स्वामित्व अन्तरण चाहा है।

उक्त आम जाहिर सूचना सात दिवस में उक्त वाहन क्रमांक **MP11AE 4570** में कोई आपत्ति एतराज हो, तो कार्यालय में कार्यालयीन समय मे नियमानुसार प्रस्तुत करें। सात दिवस पश्चात् नियमानुसार स्वामित्व अन्तरण कर दिया जावेंगा।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी
धार, जिला-धार (म.प्र.)




# बाल बलिदान दिवस के अवसर पर काव्य पाठ आयोजन

**सिंघम रिपोर्टर ❑ झाबुआ**



भारत माता अभिनंदन संगठन के बैनरतले जिला प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला झाबुआ के सभा कक्ष में बाल बलिदान दिवस के अवसर पर हुआ काव्य पाठ का आयोजन। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पेंशनर्स एसोसिएशन संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद व्यास , विशेष अतिथि पेंशनर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम ताम्रकार,अध्यक्षता भारत माता अभिनंदन संगठन के जिलाध्यक्ष भेरूसिंह चौहान ÷तरंग÷ एवं उपस्थित साहित्यकार - कवियों ने मां सरस्वती एवं गुरु गोविंदसिंह जी के बलिदानी पुत्रों की तस्वीर पर माल्यार्पण , पुष्प व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की । साथ ही कवि प्रकाश त्रिवेदी,प्रवीण कुमार सोनी ÷पुष्प÷ ,भेरूसिंह चौहान ÷तरंग÷ , पी. डी.रायपुरिया ने राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत काव्य रचनाओं से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

अरविंद व्यास जी ने अपने उद्बोधन में विस्तार से बताया कि गुरु गोविंदसिंह और पुत्रों मुगलों से संघर्ष करते हुए अपना बलिदान कर दिया। साथ ही उन्होंने अपना गीत भी प्रस्तुत किया। पुरुषोत्तम ताम्रकार ने भी बुंदेली खंड का लोक गीत सुनाया। बहादुरसिंह चौहान ने भी अपने विचार व्यक्त किए।भेरूसिंह चौहान ÷तरंग÷ ने मुगलों के अत्याचार को बताते हुए बताया कि गुरु गोविंदसिंह और उनके पुत्रों ने देश धर्म की खातिर अपने प्राणों की आहुति भी दे दी। मुगल शासन द्वारा गुरु गोविंदसिंह के पुत्र जोरावरसिंह और फतेहसिंह को जिंदा ही दीवारों में चुनवा दिया गया फिर भी अन्य धर्म स्वीकार नहीं किया। कार्यक्रम का सफल संचालन पी. डी.रायपुरिया एवं आभार व्यक्त किया प्रवीण कुमार सोनी ने। कार्यक्रम के संयोजक भेरूसिंह चौहान तरंग थे।




### उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्वीकृति से क्षेत्र में होगा स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार - मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया



**झाबुआ।** मध्यप्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने झाबुआ जिले की पेटलावद विधानसभा में 13 उप स्वास्थ्य केन्द्रों की स्वीकृति प्रदान करने पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल को धन्यवाद दिया और क्षेत्र की जनता की ओर से आभार माना है। मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिये कृत संकल्पित हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि झाबुआ जिले की पेटलावद विधानसभा के अंतर्गत असालिया, चेन बावड़ी, बरखेड़ा, भैंसाकराई, भंवर पिपलिया, घावलिया, गोमला, गोपालपुरा, हत्यादेली, झूमका, कोकावद, रसोडी, वागलाबाट भूरिया के लिए कुल 13 नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन स्वास्थ्य केंद्रों के खुलने से क्षेत्र की जनता को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि होगी।




# पेंशनर्स सम्मेलन का हुआ आयोजन





**सिंघम रिपोर्टर ❑ थांदला**

थांदला प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश भोपाल की इकाई थांदला ने÷ पेंशनर्स दिवस÷ के उपलक्ष में ÷पेंशनर्स सम्मेलन ÷का समारोह पूर्वक आयोजन मां शारदा की पूजन ,वंदन ,अर्चन से किया। इसमें अंचल के लगभग 200 पेंशनर्स ने सहभागिता की। परंपरागत रूप से 75 वर्षीय 15 वरिष्ठ पेंशनर्स का साल, माला ,अंग वस्त्र ,और संगठन के प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान प्रदान करते हुए आशीर्वाद लिया गया, साथ ही 2024 में नवीन सेवा निवृत पेंशनर्स को माला व अंग वस्त्र से सम्मानित कर संगठन की सदस्यता प्रदान की गई !

पेंशनर्स सम्मेलन के मुख्य अतिथि एम,एल, दुर्गेश्वर, अध्यक्ष ,शाखा राणापुर, जो प्रांतीय सहसचिव भोपाल भी हैं, अध्यक्षता, एन ,एल,रावल अध्यक्ष शाखा पेटलावद ने की और विशिष्ट अतिथिगण के रूप में ,शांतिलाल जी पटेल खवासा ,बैंक प्रबंधक सुनील सूर्यवंशी ,श्याम चारावनडे ,व राकेश त्रिवेदीके साथ ही संरक्षक ,डॉक्टर श्रीमती के, बी ,चतुर्वेदी एवं डी ,के ,उपाध्याय थे।

स्वागत उद्बोधन थांदला अध्यक्ष जगमोहन सिंह राठौड़ ने देते हुए साथियों से जागरूक रहकर सक्रिय बने रहने का आह्वान किया कि ÷संघ शक्ति कलियुग÷

बिना संगठन के हम अधूरे ही रहेंगे। हमारी आवाज बुलंद नहीं हो सकती। मुख्य अतिथि दुर्गेश्वर ने धारा 49 द्ध6 के विलोपन एवं डी, ए, डी,आर, प्रदान करने में सरकार के अपेक्षा पूर्ण रवैया की आलोचना करते हुए कहा कि मैं प्रांतीय स्तर से इस संबंध में न्यायोचित पहल करने के लिए सभी को आश्वस्त करता हूं! इसके लिए आप सभी पेंशनर्स को संगठन से तन, मन ,धन के साथ जुड़े रहना चाहिए। अध्यक्ष उद्बोधन में एन,एल ,रावल ने अपने जोशीले जय घोष की गर्जनाओं के साथ अपनी नियोजित मांगों के समर्थन में संघर्ष व एक जुटता का आग्रह किया।

विशिष्ट अतिथि शांतिलाल पटेल ने समारोह की सराहना करते हुए उपस्थितों के सहयोग एवं टीम भावना के लिए धन्यवाद दिया। पटेल ने यह भी सुझाव प्रस्तुत किया कि÷ पेंशनर्सद्ध भवन ÷हेतु भूमि के लिए प्रयास करना चाहिए! भवन निर्माण के लिए हम सभी पेंशनर्स तन मन धन से समर्पित रहेंगे, एसिआश्वस्तता प्रदान की। विशेष अतिथि शाखा प्रबंधक एसबीआई दोनों , सुनील सूर्यवंशी एवं श्याम चरा वनडे ने पेंशनर्स की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं प्राथमिकता से समाधान करने की आश्वस्तता प्रदान की। साथ ही यह भी सुखाया गया कि बैंकिंग क्षेत्र में सतर्कता एवं सावधानि के साथ आधार, पेन,से बैंक खातालिंक,अपडेट,नॉमिनेशन, टैक्स कटोतरा,आदि की जानकारियां भी प्रदान की। सम्मेलन में विश्वकर्मा समाज थांदला की सौजन्यता से अंग वस्त्र एवं मोती की मालाएं सुलभ होने पर समाज अध्यक्ष जगदीश चंद्र पांचाल के प्रतिनिधि का साल ,मोमेंतो प्रदान कर सम्मान किया गया वहीं थांदला के प्रसिद्ध होटल अनमोल के मालिक राकेश राठौर का भी उत्तम व्यवस्थाओं के लिए व बुजुर्गों की सेवा करने पर अंग वस्त्र माला वह मोमेंटो से सम्मान किया गया। समारोह का सफल संचालन डी, के, उपाधयाय ने किया वही शाखा सचिव महेश गढ़वाल में आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। समारोह की सफलता में विशेष सहयोग एवं सक्रियता दीपक जानी, परमानंद पांचाल, सी,एल,चौहान,सुरेश धमन,अमृत चौहान, जब सिंह परमार, कैलाश स्वर्णकार ,सुरेंद्र सक्सेना आदि का रहा। अंत में देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री माननीय डॉ मनमोहन सिंह को समस्त उपस्थित ने अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी के साथ आनंद भोज का आनंद लेते हुए सम्मेलन संपन्न हुआ।

प्रकाशचन्द्र रामचन्द्र कसेरा
बर्तन विक्रेता
सभी प्रकार के बर्तन, किचन ओवन, कुकर, प्रेस आदि के विक्रेता

सभी प्रकार के पुराने बर्तन खरीदे व एक्चेंज किए जाते है।
मो. 94240-21415, 98272-10991
श्री सज्जन मिल गेट के पास, रतलाम

श्री सांवरिया
ज्यूस सेंटर
समोसा, बैक समोसा एवं सभी प्रकार के ठंडाई जूस मिलने का एक मात्र स्थान

कालिका माता प्रांगण, रतलाम
प्रो. किशोर सोलंकी, मो. 9926462027

# मगजपुरा रोड पर हुआ भीषण सड़क हादसा

# थर्टी फर्स्ट पर दुर्घटना, एक युवती की मौत, दो घायल

**सिंघम रिपोर्टर ❐ धार**

मंगलवार थर्टी फर्स्ट की रात में मगजपुरा रोड पर सफेद रंग की अज्ञात थार के चालक ने वाहन को अंधगति से चलाते हुए स्कूटी सवार तीन युवतियों को टक्कर मार दी, जिसमें एक युवती की मौत हो गई। दो गंभीर घायल को इंदौर रेफर किया गया। पुलिस मौके पर पहुंची।

त्रिमूर्ति से मगजपुरा रोड पर स्कूटी से जा रही तीन युवतियों को आयुर्वेदिक अस्पताल के नजदीक तेज गति से आ रही सफेद रंग की थार ने युवतियों को टक्कर मारी दी।





दुर्घटना में एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई। घायल दोनों युवतियों का महाजन अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया, जहां से डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए इंदौर रेफर कर दिया। दो युवतियों 24 बटालियन की रहने वाली है मृत युवती जनता कॉलोनी की रहने वाली है । सीएसपी रविंद्र वास्कले ने बताया कि थार वाहन की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## इंदौर में ऑटो ड्राइवर चुकाएगा 16 लाख का मुआवजा

**इंदौर।** इंदौर की कोर्ट ने एक ऑटो रिक्शा चालक को 16 लाख रुपए से ज्यादा का मुआवजा देने का आदेश दिया है। उसने साढ़े तीन साल पहले 6 सवारियों से भरे ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी थी। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान पैर काटना पड़ा। उसका रिश्तेदार भी घायल हुआ था।

पीड़ित व्यक्ति ने मुआवजे के लिए कोर्ट में क्लेम किया। इसमें उसने दोनों रिक्शा मालिकों-ड्राइवर से 15 लाख रुपए मुआवजा देने की गुहार लगाई थी। सुनवाई के दौरान सवारी रिक्शा में मोटर यान अधिनियम का उल्लंघन करने पर इंश्योरेंस कंपनी की कोई जवाबदेही नहीं पाई गई।

दूसरी ओर, टक्कर मारने वाले रिक्शे का इंश्योरेंस नहीं था। कोर्ट ने उसके मालिक (ड्राइवर) को जिम्मेदार माना और जिसका पैर काटना पड़ा, उसे 15.68 लाख रुपए और दूसरे घायल को 50 हजार रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

## क्राइम : दुर्घटना में वृद्ध महिला की मौत

**सिंघम रिपोर्टर ❐ रतलाम**

महलवाड़ा रोड पर हुई दुर्घटना में एक वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार दो मुखी बावड़ी निवासी इंद्रा बाई पति गणपतलाल जी कांग उम्र 64 वर्ष मंगलवार को महलवाड़ा क्षेत्र से गुजर रही थी उसी दौरान एक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुई इंद्रा बाई को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। स्टेशन रोड पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी।

**जहर खाने से युवक की मौत** : जिले के बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम झरनिया निवासी मनोहर पिता दलसिंग झोड़िया ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया था, जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। बाजना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी।



### ट्रैक्टर की लाइट बंद कर बीच रास्ते में खड़ा करने से हुई दुर्घटना में युवक की मौत

जिले के बाजना थाना क्षेत्र के भंडारिया घाटा आमरोड पर एक ट्रैक्टर चालक ने वाहन को बीच रास्ते में खड़ा कर लाइट बंद कर दी थी। वहां से बाइक से गुजर रहे गौतम को ट्रैक्टर नहीं दिखा और वह गंभीर से घायल हो गया। जिससे उसकी मौत होगई। बाजना पुलिस ने मर्ग कायमकर जांच की, जांच में पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

### कार ने कार को मारी टक्कर, कार हुई क्षतिग्रस्त

*जावरा औद्योगिक थाना क्षेत्र के बेगमपुरा चौराहा पर कार क्रमांक एमपी 41जेड एफ 2077 के चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक कार को टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। क्षतिग्रस्त हुई कार चालक सुशील पिता राजेंद्र राठौर निवासी भाग्यश्री कॉलोनी थाना विजय नगर इंदौर की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।*

## सेवानिवृत्त हुए पांच पुलिस अधिकारियों को विदाई दी



**रतलाम।** पुलिस महकमे के कार्यवाहक उप निरीक्षक बालजी गरासिया, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार बृजवानी, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक गजबेल सिंह, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक मुश्ताक खान, एवं कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक दिनेश रावल द्वारा सेवानिवृत्ती की आयु पूर्ण करने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई सामारोह का अयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, उप पुलिस अधीक्षक अजय सारवान, रक्षित निरीक्षक मोहन भर्रावत ने पांचों शासकीय सेवकों की सेवा की सराहना करते हुए उनके भावी जीवन की शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवार की जानकारी लेते हुए अच्छे स्वास्थ्य एवं आगामी जीवन की शुभकामना भी दी गई। विदाई समारोह कार्यक्रम का संचालन मुख्य लिपिक श्रीमती अर्चना आमेरिया द्वारा किया गया। विदाई समारोह में उप पुलिस अध्यक्ष अजय सारवान, रक्षित निरीक्षक मोहन भर्रावत, मुख्य लिपिक श्रीमति अर्चना आमेरिया, सुबेदार मोनिका ठाकुर, सूबेदार कैलाश बघेल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## लेन-देन की बात को लेकर पांच लोगों ने मिलकर की मारपीट

**सिंघम रिपोर्टर ❐ रतलाम**

लेन-देन की बात को लेकर हुए विवाद में पांच लोगों ने मिलकर एक युवक के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

जानकारी के अनुसार बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम जाम्बुखादन निवासी प्रदीप पिता प्रकाश डामर का रुपयों की लेन-देन को लेकर अरुण पिता कैलाश डामर का विवाद हो गया। विवाद में अरुण ने फत्तु पिता हडीया डामर, रिंकू उर्फ रमेश पिता रुप जी डामर, बारीश पिता मोहन डामर, सोकू पिता फत्तु के साथ मिलकर प्रदीप के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर बाजना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

### पुरानी बात को लेकर विवाद कर मारपीट की

बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम डाबर निवासी शंभूडी पति माना डामर का पुरानी बात को लेकर कैलाश पिता वरसिंह डोडियार का विवाद हो गया। विवाद में कैलाश ने शंभूडी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

### दो ने की मारपीट

त्रिवेणी मेला ग्राउंड में पवन पिता सोमाजी भूरिया निवासी ग्राम बिबडौद का भोला चारेल से विवाद हो गया। विवाद में भोला ने नमन चारेल के साथ मिलकर पवन और उसके साथ करन के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर दीनदयाल नगर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

### दो पक्षों में विवाद, 6 लोगों पर प्रकरण दर्ज

पिपलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम गुडरखेड़ा निवासी गोपाल पिता भुवानजी बलाई का वहीं के निवासी राहुल पिता कालुराम बलाई से विवाद हो गया। विवाद में राहुल ने अपने भाई राजेंद्र और नीतेश के साथ मिलकर गोपाल और उसके भाई राधेश्याम के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर पिपलौदा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। वहीं दूसरी ओर राहुल चौहान की रिपोर्ट पर पुलिस ने राधेश्याम और उसके भाई गोपाल और मुकेश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

रोजगार का सुनहरा अवसर
पार्ट टाइम में फुल टाइम जैसा पैसा


सिंघम टाइम्स समाचार पत्र की एजेंसी एवं वितरण करने वाले युवकों की आवश्यकता है
संपर्क करें
सिंघम टाइम्स कार्यालय
2, स्टेडियम के ऊपर दो बत्ती, रतलाम
मो. 7697740242, 9827360605
5 से 10 हजार रु. तक की आमदानी

## रेलवे ने 1 जनवरी से बदला ट्रेनों का टाइम टेबल

**रतलाम।** रेलवे द्वारा नए साल के पहले दिन 1 जनवरी 2025 से रतलाम रेल मंडल पर ट्रेनों का नया टाइम-टेबल जारी किया है। रतलाम मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधा एवं स्मूथ ट्रेन परिचालन को ध्यान में रखते हुए कुछ स्टेशनों पर कुछ ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान समय में बदलाव किया है। इनमें से कुछ ट्रेनें वर्तमान समय से पहले आएंगी। कुछ ट्रेनें वर्तमान समय के बाद आएगी।


## धार में ड्रग्स की तस्करी करता नाबालिग गिरफ्तार

**धार।** धार में तिरला पुलिस ने चिकलिया फाटे से मंगलवार को एमडी ड्रग्स की तस्करी करते एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। उसके पास से लाखों रुपए कीमत की 100 ग्राम अवैध ड्रग्स जब्त की गई है।

ड्रग्स 31 दिसंबर को होने वाली न्यू ईयर पार्टी में ऊंचे दाम पर बेचने के लिए लाई गई थी, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया। नाबालिग के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

दरअसल धार के आसपास से पुलिस को लगातार नशे का व्यापार करने वालों की शिकायतें आ रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने तस्करों को पकड़ने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए थे। मंगलवार को तिरला के उप निरीक्षक जगदीश मीणा को मुखबिर से सूचना मिली थी।

KARPO INDIA | DESIGN STORIEZ

कंस्ट्रक्शन वर्क विथ मटेरियल इंटीरियर वर्क विथ मटेरियल प्लानिंग, एलिवेशन

इंटीरियर डिजाइनर (Ratlam-Pune )
KARTIK DALAL
BE. (Civil)
Mo : 98270-98929
POONAM DALAL SHARMA
Mo : 94248-98729
इंटीरियर विथ मटेरियल एवं कंस्ट्रक्शन इंटीरियर वर्क्स
20, स्टेडियम मार्केट, दो बत्ती, रतलाम (म.प्र.)

RATLAM AIRMAX
27/28, AJANTA TALKIES ROAD, RATLAM (M.P.)
MOB- 9303373333, 9301210121
सबसे सस्ता सबसे अच्छा
SUPER DHAMAKA OFFERS

1 MONTH PACKAGE ONLY INTERNET

| PLAN | VALIDITY | AMOUNT |
| --- | --- | --- |
| 15 MBPS | 1 MONTH | 300/- |
| 30 MBPS | 1 MONTH | 400/- |
| 40 MBPS | 1 MONTH | 500/- |
| 50 MBPS | 1 MONTH | 600/- |
| 100 MBPS | 1 MONTH | 800/- |

1 MONTH PACKAGE WITH TV CHANELS (OTT)

| PLAN | VALIDITY | AMOUNT |
| --- | --- | --- |
| 30 MBPS | 1 MONTH | 600/- |
| 40 MBPS | 1 MONTH | 650/- |
| 50 MBPS | 1 MONTH | 700/- |
| 100 MBPS | 1 MONTH | 900/- |

ZEE5 SONY liv Disney+ hotstar prime video NETFLIX *

* CONTACT NO. 9303373333. 9301210121
* GET NETFLIX JUST 200 RS. EXTRA

सिंघम टाईम्स- स्वामी, संपादक, प्रकाशक मुद्रक गोविंद उपाध्याय के लिए पंकज प्रिंटर्स एवं पैकेजिंग एलयुएन 22 सेक्टर एफ सावेर रोड़ इंड्रस्ट्रीयल एरिया इंदौर से मुद्रित एवं 164 प्रताप नगर रतलाम (म.प्र.) 457001 द्वारा प्रकाशित। सलाहकार संपादक श्रीमती रेखा-बहादुरसिंह राठौर। आर.एन.आई. नं. एम.पी.एच.आई.एन./2012/44610 फोन नं. 230438